जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 31 संख्याः 175 प्रभात उदयपुर, सोमवार 29 अप्रेल, 2024 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



*एक नए शोध के अनुसार मनुष्य के कारण संभवतः 1430 पक्षी प्रजातियाँ विलुप्त हो चुकी हैं। वैज्ञानिकों ने आधुनिक मानव इतिहास में लुप्त हुई कुल पक्षी प्रजातियों की गणना करने के लिए ''स्टैटिस्टिकल मॉडलिंग'' का उपयोग किया। ज्ञात विलुप्तियों के साथ-साथ मॉडल ने उन प्रजातियों को भी शोध में शामिल किया जो मनुष्य द्वारा चिन्हित किए जाने से पहले ही विलुप्त हो गईं। नेचर कम्युनिकेशन्स जनरल में प्रकाशित इन नए अनुमानों के आधार पर वैज्ञानिकों का आकलन है कि, 1,30,000 वर्ष पूर्व, लेट प्लाइस्टोसीन काल से तकरीबन बारह प्रतिशत पक्षी प्रजातियाँ खत्म हो चुकी हैं। इनमें से अधिकतर प्रजातियों की समाप्ति के लिए कदाचित मनुष्य ही जिम्मेवार थे, विशेषरुप से द्वीपों पर, जहाँ जानवर किसी भी तरह के हस्तक्षेप को लेकर विशेषरुप से संवेदनशील होते हैं। मनुष्य ने जब हवाई, अज़ोर्स और टोंगा जैसे स्थानों पर सबसे पहले कदम रखा तो वो अपने साथ चूहे, सुअर, कुत्ते तथा अन्य जानवर लेकर आए। इस जानवरों ने पक्षियों के भोजन पर अपना अधिकार जमाया और उनके घोंसलों को भी तहस नहस किया। पूरी पृथ्वी पर मनुष्य ने जंगलों की कटाई, अत्यधिक शिकार और आग के द्वारा पक्षियों को खत्म करने में भूमिका निभाई। वैज्ञानिक पंद्रहवीं शताब्दी के बाद से लुप्त हुई पक्षी प्रजातियों के बारे में तो जानते हैं, क्योंकि इस काल से लिखित रिकॉर्ड रखे जाने लगे थे। लेकिन उन पक्षियों के बारे में, जो उस समय से पहले इस पृथ्वी पर थे और विलुप्त हो चुके थे, जानने के लिए वैज्ञानिकों को फॉसिल्स (जीवाश्मों) पर निर्भर होना पड़ता है। इससे वैज्ञानिकों को अधूरी तस्वीर ही मिल पाती है, क्योंकि पक्षियों की हड्डियाँ हल्की और खोखली होती हैं, जो बहुत आसानी से विघटित हो जाती हैं। लिखित रिकॉर्ड्स तथा अभी भी मौजूद कुछ जीवाश्मों के आधार पर पूर्व के आकलनों में कहा गया था कि, लेट प्लाइस्टोसीन काल से करीब 640 पक्षी प्रजातियाँ विलुप्त हुई हैं। लेकिन फॉसिल रिकॉर्ड्स में अंतराल होने के कारण वैज्ञानिकों को संशय था कि यह संख्या असल में बहुत अधिक होगी। शोध के सह लेखक रॉब कूक ने कहा, ''हम जानते हैं कि डोडो जैसे पक्षी हम खो चुके हैं, लेकिन हम उन विलुप्तियों के बारे में बेहतर आकलन चाहते थे जिनके बारे में हमें जानकारी नहीं है।''*

# दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने इस्तीफा दिया

## अरविंदर सिंह लवली ने आप पार्टी से गठबंधन पर नाराजगी जाहिर की तथा कन्हैया कुमार को दिल्ली से टिकट दिये जाने पर सवाल खड़े किये

नयी दिल्ली, 28 अप्रैल (वार्ता) दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने प्रदेश के प्रभारी महासचिव पर मनमानी करने तथा दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ चुनावी गठबंधन के विरोध में अपने पद से रविवार को इस्तीफा दे दिया।

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि, लवली का इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को मिल गया है लेकिन त्यागपत्र को अभी स्वीकार नहीं किया गया है और उसमें लिखे बिंदुओं पर गौर किया जा रहा है।

लवली ने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को भेजा है और उनका आभार जताया है कि, उन्होंने गत वर्ष अगस्त में उन्हें फिर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का नेतृत्व सौंपा था। पत्र में उन्होंने लिखा कि पिछले 7-8 महीने के दौरान उन्होंने दिल्ली के सभी सात लोकसभा संसदीय क्षेत्रों का दौरा किया और नाराज कार्यकर्ताओं तथा पार्टी छोड़ चुके कई कांग्रेसी नेताओं को फिर पार्टी में शामिल कर कांग्रेस को दिल्ली में मजबूत करने का काम किया लेकिन पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने मनमानी से दिल्ली को लेकर फैसले लिए जिसके विरोध में वह अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं।

- **अपने इस्तीफे में लवली ने लिखा है कि दिल्ली कांग्रेस उस आम आदमी पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के खिलाफ थी जो कांग्रेस के विरुद्ध झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के एकमात्र आधार पर गठित हुई थी। इसके बावजूद कांग्रेस नेतृत्व ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए आप के साथ गठबंधन किया है।**
- **लवली ने दिल्ली के प्रभारी दीपक बावरिया का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा और कहा कि प्रभारी महासचिव की मनमानी ज्यादा ही बढ़ गई है इसलिए वह पद छोड़ रहे हैं। लवली के मुताबिक उन पर बाबरिया के खिलाफ रहने वाले नेताओं को पार्टी से बाहर करने का भारी दबाव है।**

उन्होंने अपने इस्तीफे में लिखा है कि, दिल्ली कांग्रेस उस आम आदमी पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के खिलाफ थी जो कांग्रेस के विरुद्ध झूठे, मनगढंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के एकमात्र आधार पर गठित हुई थी। इसके बावजूद कांग्रेस नेतृत्व ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए आप के साथ गठबंधन किया है। पार्टी नेतृत्व की इस निर्णय से कांग्रेस कार्यकर्ता खुश नहीं है इसलिए उन्होंने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। लवली ने कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा है कि, दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं की नाराजगी का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि, जब लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर बैठक हो रही थी तो प्रदेश कार्यालय के बाहर दिल्ली के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बावजूद उन्होंने गठबंधन को लेकर पार्टी नेतृत्व के फैसले को स्वीकार किया है।

उन्होंने दिल्ली के प्रभारी दीपक बावरिया का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा और कहा कि, प्रभारी महासचिव की मनमानी ज्यादा ही बढ़ गई है इसलिए वह पद छोड़ रहे हैं। लवली के मुताबिक उन पर बाबरिया के खिलाफ रहने वाले नेताओं को पार्टी से बाहर करने का भारी दबाव है।

लवली ने लिखा, यह पत्र में बहुत भारी मन से लिख रहा हूं। मैं पार्टी में खुद को एकदम लाचार महसूस कर रहा हूँ, इसलिए अब दिल्ली के अध्यक्ष पद पर बना नहीं रह सकता। दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के सर्वसम्मत सभी फैसलों पर भी दिल्ली के प्रभारी रोक लगा देते हैं। जब से मुझे दिल्ली का पार्टी चीफ बनाया गया है तब से मुझे किसी को भी सीनियर पद पर नियुक्त करने की अनुमति नहीं है।

लवली यही नहीं रुके और उन्होंने पत्र में आगे लिखा, मैंने एक अनुभवी नेता को मीडिया प्रभारी नियुक्ति का अनुरोध किया लेकिन प्रभारी ने इसे भी खारिज कर दिया। हालात यह हैं कि, दिल्ली प्रभारी ने अब तक ब्लॉक प्रभारी नियुक्त करने की अनुमति भी नहीं दी है जिसकी वज़ह से अब तक दिल्ली के 150 ब्लॉक में प्रभारियों की नियुक्ति नहीं हो सकी है।

कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे तीन पेज की पत्र में लवली ने कई फैसलों पर अप्पत्ति जताते हुए कहा है कि, इन सब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एकल पट्टा प्रकरण में धारीवाल के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता : राज्य सरकार

## सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से हाल ही में नियुक्त शिव शर्मा ने इस मामले में जवाब पेश किया और धारीवाल के साथ ही तीन तत्कालीन अधिकारियों को क्लीन चिट दी

जयपुर, 28 अप्रेल (का.सं.)। राजधानी के चर्चित एकल पट्टा प्रकरण में राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जवाब पेश कर नगरीय विकास मंत्री रहे शांति धारीवाल और तीन तत्कालीन अधिकारियों को क्लीन चिट दी। राज्य सरकार के जवाब में कहा गया है कि एकल पट्टा प्रकरण में कोई मामला नहीं बनता। गौरतलब है कि जब यह मामला हाईकोर्ट में था तो इस मामले में भाजपा नेताओं ने काफी बयानबाजी की थी।

राज्य सरकार ने एकल पट्टा प्रकरण में अशोक पाठक की विशेष अनुमति याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में यह जवाब पेश किया। वर्ष 2011 में जेडीए ने गणपति कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर शैलेन्द्र गर्ग के नाम एकल पट्टा जारी किया था।

- **गौरतलब है कि, जब यह मामला हाई कोर्ट में था तब भाजपा नेताओं ने इस मामले में काफी बयानबाजी की थी और तत्कालीन सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये थे।**

इस मामले में धारीवाल व तत्कालीन अधिकारियों को हाईकोर्ट से राहत मिल गई, जिसके खिलाफ यह विशेष अनुमति याचिका दायर की गई।

इस पर राज्य सरकार की ओर से 22 अप्रेल को सुप्रीम कोर्ट में पेश जवाब में कहा कि एकल पट्टा प्रकरण में नियमों की पूरी तरह से पालना की गई और इसमें राज्य को कोई वित्तीय हानि भी नहीं हुई।

उल्लेखनीय है कि, तत्कालीन वसुंधरा राजे सरकार के समय ए.सी.बी. ने मामला दर्ज किया। इसमें तत्कालीन आई.ए.एस. जी.एस. संधू, तत्कालीन आर.ए.एस. निष्काम दिवाकर, तत्कालीन जोन उपायुक्त ओंकारमल सैनी व अन्य को गिरफ्तार किया और शांति धारीवाल से पूछताछ की। अब भजनलाल सरकार ने सभी को क्लीन चिट दी है। हाल ही में राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में जवाब पेश करने के लिये शिव शर्मा को नियुक्त किया गया है।

# उत्तराखण्ड में 5 नशा तस्कर गिरफ्तार

देहरादून, 28 अप्रैल (वार्ता)। उत्तराखंड पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एस.टी.एफ.) की नशा उन्मूलन छापेमारी दल (ए.एन.टी.एफ.) और देहरादून पुलिस ने रविवार को दो अलग-अलग स्थानों से कई करोड़ रुपए कीमत के एल.एस.डी. ड्रग्स, हेरोइन और चरस बरामद की है। साथ ही, एक अंतरराष्ट्रीय तस्कर सहित कुल पांच नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है।

- **उत्तराखण्ड पुलिस ने तस्करों को करोड़ों रुपये चरस, एल.एस.डी. ड्रग्स आदि के साथ पकड़ा।**

'ड्रग्स फ्री देवभूमि' अभियान के अंतर्गत, एसटीएफ और पुलिस की टीमों को रविवार बड़ी सफलता मिली। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने आज बताया कि, थाना प्रेमनगर को शनिवार को कुख्यात कोबरा गैंग के सदस्यों द्वारा देहरादून में हाई प्रोफाइल ड्रग एलएसडी (लिजरजिक एसिड डाइथिलएमाइड)

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पूर्व प्र.मंत्री देवगौड़ा के पोते एवं सांसद प्रज्वल रेवन्ना सैक्स स्कैंडल में फंसे

## कर्नाटक सरकार ने प्रज्वल रेवन्ना के सैक्स स्कैंडल वीडियो की जांच के आदेश दिये

बैंगलुरु, 28 अप्रेल। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा के पोते और हसन लोकसभा सीट से जनता दल (सैक्यूलर) जे.डी.एस. सांसद प्रज्वल रेवन्ना कथित सेक्स स्कैंडल में फंस गए हैं। कर्नाटक सरकार ने मामले की जांच के लिए एस.आई.टी. का गठन किया है। इस बीच, प्रज्वल ने देश छोड़ दिया है और वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट चले गए हैं। 26 अप्रैल को हुए कर्नाटक के पहले फेज के मतदान से दो दिन पहले ही सोशल मीडिया पर कई वीडियोज वायरल हुए। वहीं, हसन सांसद ने भी एफ.आई.आर. दर्ज करवाते हुए कहा है कि, वीडियोज में छेड़छाड़ की गई है और उनकी छवि खराब करने और वोटर्स के दिमाग में जहर भरने के लिए उसे प्रसारित किया जा रहा है।

इंटरनेट पर वीडियोज वायरल होने के बाद राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने सिद्धारमैया से एस.आई.टी. जांच करवाने का अनुरोध किया था। जांच का आदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''प्रज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो मामले में सरकार ने एक एस.आई.टी. बनाने का फैसला किया है। हसन जिले में अश्लील वीडियो क्लिप प्रसारित हो रहे हैं, जहां ऐसा प्रतीत होता है कि, महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया है।'' कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि, महिला आयोग ने इस संबंध में मुख्यमंत्री के साथ-साथ गृह मंत्री को भी पत्र लिखा है।

- **सैक्स स्कैंडल का मामला मीडिया में सामने आते ही प्रज्वल रेवन्ना देश छोड़कर जमर्नी भाग गये हैं।**
- **26 अप्रैल को हुए कर्नाटक के पहले फेज के मतदान से दो दिन पहले ही सोशल मीडिया पर प्रज्वल रेवन्ना के कई वीडियोज वायरल हुये हैं।**

इस दौरान, कांग्रेस जे.डी.एस. पर हमलावर हो गई है। कांग्रेस की महिला यूनिट की सदस्यों ने सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ रविवार को विरोध प्रदर्शन किया और उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। 33 वर्षीय जेडीएस सांसद के खिलाफ नारे लगाते हुए, प्रदर्शनकारियों ने उनके पोस्टर जलाए और मामले की गहन जांच की मांग की। रेवन्ना हसन लोकसभा क्षेत्र से एन.डी.ए. के उम्मीदवार थे, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। हाल के दिनों में कई महिलाओं के साथ कथित तौर पर उनके कई सेक्स वीडियो वायरल हो रहे हैं। उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए एक कांग्रेस नेता ने कहा, ''उन्हें (प्रज्वल रेवन्ना) कड़ी सजा दी जानी चाहिए और उन्होंने इन महिलाओं के साथ जो किया है उसके लिए उन्हें फांसी दी जानी चाहिए। इससे पूरे कर्नाटक राज्य का सम्मान कम हुआ है।''

उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा है कि, यौन उत्पीड़न के आरोप सिर्फ कुछ हसन के नेताओं पर ही नहीं हैं। प्रधानमंत्री, विजयेंद्र, शोबक्का, अशोक, कुमारन्ना और अश्वथ नारायण को भी लोगों को जवाब देना चाहिए। आयोग ने सीएम और गृह मंत्री को एक पत्र लिखा है। मीडिया को इस पर प्रकाश डालना होगा और लोगों को इस पर चुप्पी साधे बिना बताना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार अगले कदम पर विचार करेगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'आर.एस.एस. ने कभी आरक्षण का विरोध नहीं किया'

नागपुर, 28 अप्रैल। आरक्षण को खत्म करने के आरोपों के बीच आर.एस.एस. चीफ मोहन भागवत ने बड़ा बयान दिया। भागवत ने घोषणा की कि, संघ परिवार ने कभी भी कुछ खास समूहों को दिए जाने वाले आरक्षण का विरोध नहीं किया है। उन्होंने हैदराबाद में एक शैक्षिणक संस्थान में एक कार्यक्रम में कहा कि, संघ का मानना है

- **आरक्षण को खत्म करने के विपक्ष के आरोपों के बीच आर.एस.एस. चीफ मोहन भागवत ने बड़ा बयान दिया।**

कि, जब तक जरूरत हो, आरक्षण को जारी रखा जाना चाहिए। विपक्ष की ओर से लगातार आरोप लगाया जा रहा है कि, मोदी सरकार अपने तीसरे टर्म में आरक्षण को खत्म कर देगी।

हैदराबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुंबईः देश भर में फैले बच्चा बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## मुम्बई क्राइम ब्रांच ने सात लोगों को 2 बच्चों के साथ गिरफ्तार किया, 80 हजार से लेकर 4 चार लाख में होती थी डील

मुम्बई, 28 अप्रेल। मुम्बई क्राइम ब्रांच यूनिट ने बच्चा बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गैंग बच्चे को महाराष्ट्र के अलावा तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और अन्य दूसरे शहरों में बेचते थे। क्राइम ब्रांच यूनिट 2 ने इस मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही बेचे गए 2 बच्चों का रेस्क्यू भी किया है। क्राइम ब्रांच की डी.सी.पी. रागसुधा आर. के मुताबिक उन्हें ये जानकारी मिली थी कि, विक्रोली की रहने वाली कांता पेडनेकर नामक महिला ने अपने 5 महीने के बच्चे को शीतल वारे नामक महिला को बेच दिया है। क्राइम ब्रांच की टीम ने शीतल वारे को ढूंढ कर पूछताछ की तो पता चला कि शीतल ने सिर्फ 1 बच्चे को नहीं बल्कि 5 बच्चे को बेचा है। वहीं कांता पेडनेकर के बच्चे को एक डॉक्टर को बेच दिया है।

जानकारी मिलने के बाद क्राइम ब्रांच ने उस डॉक्टर जिसका नाम संजय सोपन राव है। उससे पूछताछ की तो पता चला कि उसने बच्चे को किसी दूसरे आदमी को दो लाख में बेच दिया गया है। इस मामले में क्राइम ब्रांच की टीम ने और जांच की तो पता चला की इस गिरोह ने अब तक कुल 14 बच्चों को बेचा है। बेचे गए बच्चों की उम्र करीब 8 महीने से लेकर 2 साल तक है।

- **मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया कि, आरोपियों ने अब तक 14 बच्चों को बेचने की बात स्वीकार की है। लेकिन पूरी संभावना है कि, यह संख्या और बढ़ सकती है।**
- **इस मामले में एक डॉक्टर को भी गिरफ्तार किया गया है। एक महिला ने पांच बच्चों की बात स्वीकार की है।**

मुम्बई क्राइम ब्रांच अब तक इस गिरोह के 7 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मुम्बई क्राइम ब्रांच ने अब तक रत्नागिरी और मालाड से दो बच्चों को रेस्क्यू भी किया है। क्राइम ब्रांच को जांच में ये पता चला कि, ये एजेंट फर्टिलिटी अस्पतालों में काम करते हैं। इसके चलते इन्हें आसानी से जानकारी मिल जाती है कि, किसे बच्चे की जरूरत है।

डी.सी.पी. रागसुधा आर. के मुताबिक अभी तक 14 बच्चों को बेचे जाने की जानकारी मिली है। हमलोग जांच कर रहे है और भी बच्चे के बेचे जाने की उम्मीद है। ये लोग बच्चे को 80 हजार से लेकर 4 लाख रुपये तक में बेचते थे। जिन दो बच्चों को रेस्क्यू कराया गया है। उसे ढाई लाख और दो लाख में बेचा गया था। विक्रोली पुलिस ने इस मामले में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

गिरफ्तार 7 आरोपियों के अलावा 3 और लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में वंदना अमित पवार, शीतल गणेश वारे, स्नेहा, युवराज, सूर्यवंशी, नसीमा, हनीफ खान, लता नानाभाऊ सुरवाडे, शरद मारुति देवार, डॉ. संजय सोपानराव खंडारे शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने नवजात शिशुओं को अपने दलालों के माध्यम से तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों और राज्यों में बेचा है।

# 'चुनाव आयोग भाजपा का राजनीतिक हथियार'

नयी दिल्ली, 28 अप्रैल (वार्ता) आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को आरोप लगाया कि, चुनाव आयोग ने भाजपा का राजनीतिक हथियार बनकर पार्टी के कैंपेन गीत पर रोक लगा दी है। 'आप' की वरिष्ठ नेता आतिशी ने आज कहा, भाजपा का राजनीतिक

- **आप ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने भाजपा का राजनीतिक हथियार बनकर पार्टी के कैंपेन गीत ''जेल का जबाव, वोट से देंगे'' पर रोक लगा दी है।**

हथियार बन चुकी चुनाव आयोग आप के कैंपेन गीत जेल का जबाव, वोट से देंगे पर रोक लगाई है। ऐसा सिर्फ़ तानाशाह सरकारों में ही विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से रोका जाता है। भाजपा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**सहकामी दीपक दसा, सोखे तेल निवास**
**कबीरा हीरा संतजन, सहजे सदा प्रकास –कबीर**

# कहीं कम मतदान इस कारण तो नहीं?

अठारहवीं लोक सभा के चुनाव की प्रक्रिया ज़ारी है। 4 जून को पता चल जाएगा कि अगले पांच बरस कौन व्यक्ति, दल या दल समूह इस देश की रीति-नीतियों का निर्धारण करने वाला/वाले हैं! मैं जान-बूझकर और सोच-समझकर राज करेगा, राजगद्दी पर कौन बैठेगा जैसी शब्दावली का प्रयोग नहीं कर रहा हूं। हमारे यहां लोकतंत्र है, हममें से हरेक के पास यह अधिकार है कि हम अपना जन प्रतिनिधि चुनें, और हममें से बहुत सारे लोग इस अधिकार का सहर्ष प्रयोग कर रहे हैं। मुझे यह कहते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि जबसे मुझे मताधिकार प्राप्त हुआ है, मैंने अपने इस अधिकार के प्रयोग का कोई मौका नहीं छोड़ा है। नगरपालिका से लगाकर संसद तक के चुनावों में मैंने मतदान किया है। इस बात से कोई अंतर नहीं पड़ता है कि आप जिसे अपना वोट देते हैं वह जीतता है या नहीं जीतता है। बहुत बार हवा किसी एक ख़ास प्रत्याशी के पक्ष में होती है और उसके समर्थक बहुत सोच-समझ कर यह माहौल बनाते हैं कि अगर हमने उसे छोड़ किसी और के पक्ष में मतदान किया, तो हमारा वोट बेकार जाएगा। समझने की बात यह होती है कि दिया हुआ वोट कभी भी बेकार नहीं जाता है। बेकार वह तब जाता है जब आप मतदान वाले दिन घर से नहीं निकलते हैं। ऐसा इस दफ़ा कुछ ज़्यादा देखने में आ रहा है। मीडिया और चुनाव विशेषज्ञ बार-बार यह बात कह रहे हैं कि इस बार मतदाता उदासीन है और मतदान प्रतिशत पहले की तुलना में कम है। यह विश्लेषण भी किए जा रहे हैं कि कम मतदान का नुकसान किसे होगा और इससे फायदा किसको होगा। हमारा निर्वाचन आयोग तो मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रयत्नशील है ही, विभिन्न राजनीतिक दल भी अपने कार्यकर्ताओं को अधिक सक्रिय कर रहे हैं ताकि वे मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक ला सकें।

1950 से हमारे देश में चुनाव हो रहे हैं। इन वर्षों में बहुत कुछ बदला है। जहां निर्वाचन आयोग ने विभिन्न जतन करके इन चुनावों को निष्पक्ष, निर्विवाद और पारदर्शी बनाने के अनेक प्रयास किए हैं, वहीं समय के साथ-साथ हमारी चुनाव प्रक्रिया में बहुत सारी विकृतियां भी आई हैं। विकृतियों का आना अस्वाभाविक नहीं माना जाना चाहिए। ज़रूरत इस बात की है कि हम उनके प्रति सजग हों और उन्हें दूर करनेके लिए ईमानदारी से प्रयत्नशील हों। यह दायित्व निर्वाचन आयोग का जितना है उतना ही राजनीतिक दलों का भी है। लेकिन यह मान लेना कि हमारा अर्थात आम मतदाता का कोई दायित्व है ही नहीं, बहुत ग़लत होगा। दुर्भाग्य से आज़ादी के बाद से जो माहौल बना है उसमें हम अपना दायित्व भी दूसरों की तरफ खिसका कर स्वयं को सारे दायित्वों से मुक्त मानने के अभ्यस्त होते गए हैं।

हमने अपने देश के लिए जो व्यवस्था चुनी है उसके अनुसार हम अपने प्रतिनिधि (इस चुनाव में सांसद) चुनने के लिए मतदान करते हैं, हमारे द्वारा चुने गए सांसद अपने-अपने दल के नेता का चुनाव करते हैं और उन दलों में जिस दल के पास सर्वाधिक सांसद होते हैं, उसके नेता को राष्ट्रपति प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के लिए आमंत्रित करते हैं। यह सामान्य प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में समयानुसार थोड़े-बहुत बदलाव होते रहते हैं। उदाहरणार्थ इस बार एक बड़े दल ने पहले से अपना नेता चुन रखा है और न केवल चुन रखा है, वह पूरा का पूरा चुनाव ही उस नेता के नाम और छवि पर लड़ रहा है। इस दल ने अपने निर्वाचित होने वाले सांसदों द्वारा किया जाने वाला काम –अपने नेता का चुनाव– पहले से करके उन्हें उस काम के बोझ से आज़ाद कर दिया है। कहा जा सकता है कि यह उस दल विशेष का अंदरूनी मामला है। यह भी कम रोचक बात नहीं है कि पिछले कुछ समय से देश में चुनाव जीतने की बात करने के साथ-साथ एक दल विशेष को पूरी तरह नेस्त-नाबूद करने की, उस दल-विहीन भारत बनाने की बात की जाती रही है। हमारे लोकतंत्र के लिए यह नई बात थी। आप विजयी हों, यह आपका अधिकार है, लेकिन आप दूसरों को दृश्य से ही गायब कर देना चाहें, यह बात तो प्रजातंत्र की भावना के अनुरूप नहीं है। इसी तरह इस बार विजयी होने और सरकार बनाने की बात से आगे बढ़कर एक ऐसे बहुमत की आकांक्षा को हवा दी जा रही है जो विपक्ष को पूरी तरह अप्रासंगिक कर सकता है। सच्चा प्रजातंत्र तो वही होता है जिसमें प्रतिपक्ष सत्ता पक्ष पर उपयुक्त नियंत्रण रखे। अब सारा ज़ोर प्रतिपक्ष को ख़त्म करने पर है, और ऐसा करने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। यह बहुत दुखद है। दुखद भी और दुर्भाग्यपूर्ण भी।

**इस बार विजयी होने और सरकार बनाने की बात से आगे बढ़कर एक ऐसे बहुमत की आकांक्षा को हवा दी जा रही है जो विपक्ष को पूरी तरह अप्रासंगिक कर सकता है। सच्चा प्रजातंत्र तो वही होता है जिसमें प्रतिपक्ष सत्ता पक्ष पर उपयुक्त नियंत्रण रखे। अब सारा ज़ोर प्रतिपक्ष को ख़त्म करने पर है, और ऐसा करने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। यह बहुत दुखद है। दुखद भी और दुर्भाग्यपूर्ण भी।**

हमने यहां प्रजातंत्र की जिस शैली को अंगीकार किया है उसमें बहु दलीय व्यवस्था होती है। हर दल चुनाव से पहले अपना एक घोषणा पत्र ज़ारी करता है और सामान्यतः मतदाता उसी घोषणा पत्र पर विचार करके मतदान करता है। कभी-कभी कहीं कोई प्रत्याशी इतना सशक्त होता है कि मतदाता उसकी निजी छवि से प्रभावित होकर बिना उसकी दलीय संलग्नता पर विचार किए, उसके पक्ष में मतदान कर देता है। ऐसे निर्दलीय प्रत्याशी के लिए सारे दलों के दरवाज़े भी खुले रहते हैं, लेकिन यह नैतिकता का तकाज़ा होता है कि वह उस दल में शामिल न हो, जो उसकी घोषित रीति नीतियों से भिन्न रीति नीति रखता हो। लेकिन इधर यह आदर्श लुप्त होता जा रहा है। अब तो हालत यह हो गई है कि एक व्यक्ति जो बरसों बरस किसी दल विशेष का सक्रिय सदस्य रहा, अचानक पलटी खाकर उस दल में शामिल हो जाता है जिसे वह पानी पी-पीकर कोसा करता था। यह समझना लगभग नामुमकिन होता है कि कुछ देर पहले तक जो दल आपके हिसाब से भयंकर खराब था, अचानक वह बहुत खूबसूरत कैसे हो गया? और बात केवल उस प्रत्याशी की ही नहीं है। इससे भी ज़्यादा बेशर्मी तो वह दल दिखाता है जिसमें ये शामिल होते हैं। मिर्ज़ा ग़ालिब याद आते हैं – कितने शीरीं हैं तेरे लब कि रक़ीब/ गालियां खाके बेमज़ा न हुआ। थोड़ी देर पहले तक जो प्रत्याशी इस दल को जी भर-भर के गालियां दे रहा था, वही दल जब ऐसे प्रत्याशी को अपना उम्मीदवार घोषित कर देता है तो आश्चर्य से अधिक क्रोध का अनुभव होता है। क्या स्वार्थ सर्वोपरि है? सिद्धांत, आदर्श, नैतिकता ये सब खोटे सिक्के हो चले हैं?


राजनीतिक दलों और उनके प्रत्याशियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने चुनावी भाषणों में अपनी रीति-नीतियों की बात करेंगे। अगर कोई दल सत्ता में है तो उसके प्रत्याशी यह बताएंगे कि उन्होंने अब तक क्या किया है और आगे क्या करने जा रहे हैं! जो दल अभी तक विपक्ष मंर हैं, जो सत्ता पर काबिज़ नहीं हो सके हैं, उनसे यह उम्मीद की जाती है कि वे सत्तापक्ष की असफलताओं को उजागर करते हुए यह बताएंगे कि अगर वे सत्ता में आ गए तो क्या-क्या करेंगे! बात चाहे वर्तमान सत्तासीन लोग करें या वे जो सत्ता में आने के सपने देख रहे हैं, उनकी बात तथ्यपूर्ण, तर्क आधारित और व्यावहारिक होनी चाहिए। इनमें लफ्फाज़ी कम से कम हो और व्यक्तिगत आक्षेप तो हों ही नहीं। लेकिन इन दिनों जैसे इन सब बातों को कचरे के ढेर में फेंक दिया गया है। जो सत्ता में हैं वे अपनी पूरी ताकत उनको खराब बताने में कर रहे हैं जो सत्ता से दूर हैं। वे उनसे जवाब तलब कर रहे हैं, उन पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। और जो सत्ता में नहीं हैं, वे भी बजाय यह बताने के कि अगर वे सत्ता में आ गए तो क्या काम करेंगे और कैसे करेंगे, सत्तारूढ़ दल द्वारा लगाए गए मिथ्या आरोपों पर अपनी सफाई देने या कुछ-कुछ वैसी ही हरकत करने में अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

एक मतदाता के रूप में, एक नागरिक के रूप में मैं बड़ी उलझन में हूं। जो लोग विभिन्न संचार माध्यमों के द्वारा मुझ तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं, मैं उनमें से किसी को भी अपनी अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा नहीं पा रहा हूं। मुझे समझ में ही नहीं आ रहा है कि सत्ता में आ जाने के बाद ये क्या-क्या काम करने वाले हैं। वे बता ही नहीं रहे हैं। उन्होंने मान लिया है कि मैं, अर्थात उनका मतदाता, निहायत ही मूर्ख हूं। मेरा अपना कोई विवेक नहीं है। वे जो चाहें और जैसे चाहें कह सकते हैं। कह रहे हैं। उन्होंने झूठ और सच के बीच अंतर करना छोड़ दिया है। अपने बीते कल के वादे को झुठलाने में उन्हें तनिक भी शर्म नहीं है और आज तो वे कोई वादा भी नहीं कर रहे हैं। वे तो बस, मुझे यह बता रहे हैं कि उनके सामने जो खड़ा है वह कितना बुरा है, जबकि मैं यह जानना चाहता हूं कि वे यह बताएं कि वे ख़ुद कितने अच्छे हैं! जो वे बता नहीं रहे हैं!

कहीं घटते मतदान प्रतिशत के मूल में एक बात यह भी तो नहीं है?

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# राष्ट्रीय प्रसन्नता क्या है और इसे कैसे पाया जा सकता है?


डॉ. रामावतार शर्मा

प्रसन्नता एक व्यक्तिगत अनुभव है। इसे राष्ट्रीय स्तर पर परिभाषित करना कोई आसान कार्य नहीं है और राष्ट्रीय प्रसन्नता का मूल्यांकन करना तो और भी अधिक कठिन कार्य है क्योंकि यह कोई वस्तु नहीं है जिसका माप तौल किया जा सके। यहां यह मूल्यांकन करने वाले लोगों का अपना भावनात्मक एवम विश्लेषण करने वाला निर्णय होता है। इस कठिन कार्य को संयुक्त राष्ट्र संघ एक संस्था द्वारा वैश्विक स्तर पर करवाता रहता है। इस संस्था का नाम सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशंस (दीर्घकालिक विकास समाधान) है। संस्था ने राष्ट्रीय प्रसन्नता के लिए कुछ कसौटियां तय की हैं जिन पर देशों को खरा उतरना होता है। प्रसन्नता का मतलब यहां पर हंसी-ठिठोली नहीं है बल्कि प्रशासनिक ढांचे में लोग अपना जीवन कितनी आसानी से जी पाते हैं तथा राष्ट्रीय विकास और संपदा में उनकी मेहनत का कितना पारिश्रमिक मिलता है इन बातों का ध्यान रखा जाता है। इस सब पैमानों पर भारत किस स्थिति में है यह जानना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। भारत में एक स्थिति काफी जटिल हो चली है कि आम आदमी सोशल मीडिया द्वारा गलत सूचनाओं एवम अर्धज्ञान द्वारा पूर्ण रूप से भ्रमित किया जा चुका है।

जनसंख्या का एक बड़ा वर्ग आत्म मुग्धता की स्थिति में स्थित हो चुका है और किसी भी तार्किक बात को सुनना उसे बिल्कुल गवारा नहीं है। यदि कोई भी संस्था हमारी कमियों की तरफ इशारा करती है तो जनता का यह बड़ा वर्ग उसे राष्ट्रीय अपमान मानने लगता है, व्यर्थ के तर्क देने लगता है, संस्था तथा उसकी रिपोर्ट पर संवाद करने वाले को कुतर्क से बदनाम करने लगता है। यह वर्ग प्रशासनिक निष्ठुरता का इतना अभ्यस्त हो चुका है या फिर रिश्वत ले देकर कार्य संपन्न करवाने में माहिर हो गया है कि उसे सब कुछ सामान्य-सा लगने लगा है। यही कारण है कि राष्ट्रीय प्रसन्नता की सीढ़ी पर भारत पिछले कई सालों से दुनिया के देशों में निचले पायदानों पर ही खड़ा है। भारत आसानी से ऊपर की सीढ़ियों पर अपना स्थान बना सकता है बशर्ते जनता की आवाज देश के नेतृत्व पर दबाव बना सके। प्रशासनिक सुधार और राष्ट्रीय संसाधनों का जनहितार्थ उपयोग की मांग को राजनीति की अनर्गल बहसबाजी से दूर रख कर देश में व्यापक परिवर्तन होने चाहिये।

2023 की रिपोर्ट के अनुसार 195 देशों की दुनिया में प्रसन्नता सूचकांक में भारत निचले 126वें स्थान पर आता है जहां फिनलैंड शीर्ष पर और अफगानिस्तान पेंदे पर पाए गए हैं। हालांकि 66 लाख की आबादी वाले फिनलैंड की भारत जैसे विशाल देश से तुलना असंगत होगी परंतु फिर भी उस छोटे देश से काफी कुछ सीखा जा सकता है। इसी तरह से जो संस्था प्रसन्नता सूचकांक जारी करती है उसकी अपनी कमियां और सीमाएं होती हैं परंतु यदि वर्षों से भारत नीचे की सीढ़ियों पर ही रह रहा है तो देश को आत्ममूल्यांकन तो करना ही चाहिए।

पूंजीवाद अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग है परंतु इसका लाभ यदि वृहद स्तर पर देश के अत्यंत गरीब तबके तक नहीं पहुंच पा रहा है तो यह एक निष्ठुर पूंजीवाद है जो समय के साथ स्वयं पूंजीवाद तथा देश के लिए हानिकारक होगा। समाजशास्त्र के विशेषज्ञों के अनुसार भारत को यदि प्रसन्नता सूचकांक की सीढ़ियां तेजी से तय करनी हैं तो दो क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देना होगा। सर्वप्रथम तो प्राथमिक शिक्षा और आधारभूत कार्यकुशलता का प्रशिक्षण आवश्यक है। इस क्षेत्र में व्यापक कार्य की आवश्यकता होती है और यह सरकार के प्रथम कार्य का प्रथम भाग होना चाहिए। भारत में अधिक आबादी को दोष देने मात्र से काम नहीं चलने वाला है। आबादी यदि शिक्षित और कार्य कुशल है तो अनुशासन भी आयेगा और राष्ट्रीय उत्पादकता भी बढ़ेगी। भारत को इस बारे में शीघ्र ही निर्णय लेने होंगे वरना विश्व के शिखर पर पहुंचने का प्रयास मात्र नारों में सिमट कर रह जायेगा।

दूसरी प्रमुखता राष्ट्रव्यापी प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था होनी चाहिए। आज देश की 82 प्रतिशत सीएचसी में सर्जन नहीं है, 79 में शिशु एवम बालरोग विशेषज्ञ और 79 प्रतिशत में जनरल फिजिशियन का अभाव है। महिला और प्रसूति रोग विशेषज्ञ के बारे में तो सोचा ही नहीं जा सकता है। पीएचसी और सब सेंटर के तो हाल ही बुरे हैं। बीमारी और इलाज के खर्चे से बदहाल हुई ग्रामीण और कस्बों की आबादी से यदि हम विश्व शक्ति बनने की उम्मीद करते हैं तो यह एक दिवास्वप्न और राजनीतिक झांसे के अलावा कुछ नहीं होगा। भारत प्रकृति संपन्न देश है। हमें इसकी इस संपन्नता को पोषित करना होगा। सत्ता में कौन आता है कौन सत्ता से दूर जाता है इन सबसे अधिक महत्वपूर्ण है कि जन चेतना कितनी है। वोटर होने और अंधानुकरण करने में जो फर्क है उसे समझने की आवश्यकता है तभी भारत अपनी संभावनाओं को प्राप्त कर सकेगा वरना थोथे गाल बजते रहेंगे और नासमझ लोग तालियों की गड़गड़ाहट से आसमान में छेद करने का निरर्थक प्रयास करते रहेंगे। कोई भी राष्ट्र हो, स्वास्थ्य और शिक्षा एवम् कार्य कुशलता उसके विकास और उसकी प्रसन्नता के आधार होते हैं।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# करौली का 250 साल पुराना शिकारगंज महल जीर्ण-शीर्ण हालत में

- **करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद शिकारगंज महल नशेबाजों का अड्डा बनता जा रहा है**

**करौली,** (निसं)। करौली के शिकारगंज महल में 250 साल पहले कृत्रिम झरना और वातानुकूलित अंडरग्राउंड महल का होना इस बात की तस्दीक करता है कि रियासतकाल में करौली ज्यादा भव्य थी। लेकिन करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद आज शिकारगंज महल नशेबाजों का अड्डा बनता जा रहा है। वहीं टूटे पत्थर-जालियों के बीच जगह-जगह शराब की बोतलों के टुकड़े पड़े नजर आ रहे हैं। वहीं देखरेख के अभाव में खंड-खंड होता नजर आ रहा है।

करौली का ऐतिहासिक लाल पत्थरों से बना शिकारगंज महल सामरिक महत्व के साथ शिल्पकला का बेजोड़ नमूना है। जिसकी शिल्पकारी देसी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित कर सकती है, लेकिन देखरेख के अभाव में करौली की यह ऐतिहासिक धरोहर खंड-खंड हो रही है। महल के नक्काशीदार गुम्बद और जालियां धराशायी हो चुकी हैं भूलभुलैया और भूमिगत महल जर्जर हो गए हैं। वहीं चारों ओर गंदगी का साम्राज्य है। जिला मुख्यालय से मंडरायल जाने वाले रास्ते पर वॉल सिटी से करीब दो किलोमीटर दूर शिकारगंज महल बना हुआ है। इतिहासकार वेणुगोपाल शर्मा के मुताबिक इस महल का निर्माण करीब 250 साल पहले सामरिक दृष्टि से किया गया था। महाराजा हरबक्श पाल के समय में इस महल का काम शुरू हुआ था और करीब 30-40 साल बाद महाराजा प्रतापपाल के समय में यह महल बनकर तैयार हुआ। इतिहासकार वेणुगोपाल शर्मा के मुताबिक शिकारगंज महल को सामरिक दृष्टि से बनवाया गया था। माना जाता है कि करौली के राजमहलों से एक सुरंग शिकारगंज महल तक आती है, जो शिकारगंज के भूमिगत महल में खुलती। इसके साथ ही 4 मंजिला इस महल में दो मंजिलें भूमिगत हैं। जिनमें नक्काशीदार गुम्बदों पर खड़ी एक मंजिल में 500 व्यक्तियों की क्षमता का विशाल हॉल है। वहीं एक मंजिल पर वाटर फॉल का टैंक बना हुआ है। हालांकि अब इसकी दूसरी भूमिगत मंजिल तक जाना संभव नहीं है।


करौली का शिकारगंज महल देखरेख के अभाव में खंड-खंड होता नजर आ रहा है।

उन्होंने बताया कि महल परिसर में बने कुएं से शिकारगंज महल की दूसरी मंजिल तक पानी पहुंचाया जाता था। शिकारगंज महल अब पूरी तरह जीर्ण- शीर्ण हो गया है। शिकारगंज के मुख्य महल में लगीं नक्काशीदार जालियां तोड़ दी गई हैं। महल के बीच में बने कुण्ड की आकर्षक बाउण्ड्री टूट गई है। महल की ऊपरी मंजिल पर लगी बालकनी धराशायी हो गई है। भूमिगत महल को जाने वाला रास्ता भी पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। वहीं भूल-भुलैया वाला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसके चलते सामरिक महत्व और अद्भुत शिल्पकला वाला यह शिकारगंज महल अब किसी डरावनी हवेली की तरह नजर आता है। शिकारगंज महल के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए साल 2016-17 में पर्यटन योजना के तहत राज्य निधि से 2 करोड़ 70 लाख की राशि स्वीकृत हुई थी। इसके बाद आगामी वर्षों में यहां महल की मरम्मत और सौंदर्यीकरण का काम करवाया गया था। लेकिन लगातार देखरेख नहीं होने की वजह से फिर से शिकारगंज महल जीर्ण-शीर्ण हो गया है। जिसके संरक्षण की दरकार है।

आसपास के लोगों ने बताया कि इसे नशेड़ियों ने शरणस्थली बना लिया है। इसी तरह आवारा जानवरों के प्रवेश की वजह से भी महल में चारों तरफ गंदगी का साम्राज्य नजर आ रहा है। करौली में 4-5 साल पहले शिकारगंज महल के साथ रणगमा ताल, अंजनी माता मंदिर और बैठा हनुमान मंदिर पर भी जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के कार्य करवाए गए थे। वर्तमान में शिकारगंज को छोड़कर बाकी तीनों धरोहरों पर पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ है, क्योंकि स्थानीय लोगों की ओर से इन तीनों धरोहरों की नियमित रुप से देखभाल की जाती है। बैठा हनुमान मंदिर पर रोजाना आने वाले भक्तों की मंडली साफ-सफाई, पेंट सहित अन्य कार्यों की देखरेख करती है। अंजनी माता मंदिर पर भी इसी तरह की व्यवस्था है। तो वहीं रणगमा ताल की देखरेख रणगमा क्षेत्र विकास समिति कर रही है। जिसके चलते इन ऐतिहासिक प्राकृतिक धरोहरों पर टूट-फूट होने पर तुरंत मरम्मत करवा दी जाती है। वहीं साफ-सफाई भी नियमित होती है। इसी तरह अगर शिकारगंज महल के लिए भी जिला प्रशासन स्थानीय लोगों को जोड़कर नियमित देखभाल के लिए समिति का गठन कर सकता है। जिससे धीरे-धीरे दरक रही इस ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित कर पर्यटन स्थल विकसित किया जा सके।

# सांभर में इंडस्ट्रीज नहीं होने से रोजगार का संकट, हजारों लोग कर रहे पलायन


- **दो दशक में 10000 से अधिक लोग कर चुके हैं पलायन**
- **पर्यटन नगरी होने के बवजूद मूलभूत सुविधाओं को तरस रहा है सांभर**

**सांभरझील,** (निसं)। फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के सांभर उपखंड मुख्यालय पर इंडस्ट्रीज स्थापित करने व निजी नमक उत्पादन की परमीशन दिलवाकर सुलभ रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में बीते 70 वर्षों में जितनी भी सरकारें आई उनकी ओर से अनदेखी ही की गई है। जानकारी में आया है कि रोजगार के लिए विगत दो दशक में 2000 से अधिक परिवार यानी करीब 10000 से अधिक लोग सांभर छोड़कर अन्यत्र पलायन कर चुके हैं।

सांभर सहित आसपास के करीब 2000 से अधिक लोग जयपुर-अजमेर अथवा अन्य स्थानों पर अप-डाउन कर बमुश्किल परिवार चला रहे हैं। बताया जा रहा है कि मीठे पानी की कमी से सांभर में इंडस्ट्रीज नहीं लग पा रही है इसके लिए कोई विकल्प नहीं खोजा जा रहा है। जयपुर जिले में नमक उत्पादन के लिए राज्य सरकार की पाबंदी भी इसमें रोड़ा बनी हुई है। जबकि भारत सरकार का उपक्रम सांभर साल्ट लिमिटेड खुद नमक उत्पादन कर भारी मुनाफा कमा रहा है। यहां से करीब 30 किलोमीटर नागौर जिले के नावा में प्राइवेट लोगों को नमक उत्पादन की परमिशन है। गुढा, नांवा, जाप्तीनगर क्षेत्र में करीब 25000 से अधिक लोग प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से इस नमक उत्पादन के रोजगार से जुड़े हुए हैं। नमक संगठन के अध्यक्ष व नागरिक विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार गट्टानी बताते हैं कि यदि सांभर में नमक उत्पादन की परमिशन होती तो हजारों लोगों को हर तरह का रोजगार उपलब्ध होता। यहां का व्यापारिक क्षेत्र गर्त में नहीं जाता।

सांभर में पलायन की जो स्थिति बनी है और लगातार जारी है उसके पीछे मोटा कारण रोजगार का ही अभाव है। सांभर के अस्तित्व व लोगों के पलायन को रोकने के लिए जरूरी है कि राज्य सरकार और भारत सरकार मिलकर जयपुर जिले में नमक उत्पादन की परमिशन के रास्ते खोले। गट्टानी ने बताया कि इसके लिए समय-समय पर हमारी ओर से सरकार का ध्यान आकृष्ट करवाया गया लेकिन कुछ भी नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि सांभर के विकास के लिए क्षेत्रीय विधायकों की कमजोरी फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के लिए दुर्भाग्य साबित हुई है। उद्योग धंधों के अभाव के कारण सैकड़ों गरीब परिवारों की महिलाएं वर्तमान में भी गुढा, नांवा, राजास आदि क्षेत्रों में नमक का काम करने के लिए भोर होते ही घर से निकल जाती है। इतना ही नहीं सांभर को पर्यटन नगरी का दर्जा तो मिला लेकिन पर्यटन जैसा यहां माहौल बनाने में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संस्थाओं की भूमिका भी शून्य ही रही। विभाग की वेबसाइट पर भी यहां के धार्मिक तीर्थ स्थलों, लवणीय झील में विचरण करते खूबसूरत पक्षियों की तस्वीरें, प्राचीन इमारतों के फोटो सांभर के इतिहास को भली-भांति से दर्शित तो करते हैं लेकिन धरातल पर सब कुछ उल्टा-पुल्टा है। सांभर से अजमेर व सांभर से सीकर के अलावा शाकंभरी माता मंदिर जाने के लिए राजस्थान रोडवेज की तरफ से बसें उपलब्ध नहीं है, एक दो बस के अलावा आने-जाने का कोई साधन नहीं है जो पूरी तरह से अपर्याप्त है। उपखंड मुख्यालय पर सफाई की व्यवस्था ऐसी कि बाहर से कोई देशी विदेशी आ जाए तो देखकर के सोचने पर मजबूर हो जाएगा कि क्या मैं वाकई में पर्यटन नगरी में आ गया हूं। इसके अलावा एजुकेशन में भी सांभर उपखंड मुख्यालय पर कॉलेज के बाद दूसरा कोई विकल्प नहीं है। रेल मार्ग से सांभर से जयपुर व जयपुर से सांभर के लिए कुछ ट्रेनों के ठहराव की सुविधा अभी तक नहीं हो पाना सैकड़ों मुसाफिरों के लिए दुखदाई बना हुआ है। भूमिगत विद्युत लाईन का कार्य पेंडिग है। सीवरेज लाइन के लिए कोई खाका तैयार नहीं किया गया है। अनदेखी के कारण एशिया का सबसे बड़ा सोलर प्लांट हाथ से निकल गया। यहां पर सड़कों की हालत खस्ता है। यहां के चुने हुए जनप्रतिनिधि अपनी भूमिका सही प्रकार से अदा नहीं कर रहे हैं।

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 29 अप्रेल, 2024**

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 4:42 तक, सिद्ध योग रात्रि 12:25 तक, तैतिल करण प्रातः 7:58 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-धनु, मंगल-मीन, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

रवियोग रात्रि 4:42 से आरम्भ होगा। आज अगस्ता अस्त सांय 4:17 पर होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:31 तक, शुभ 9:09 से 10:47 तक, चर 2:02 से 3:39 तक, लाभ-अमृत 3:39 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:54, सूर्यास्त 6:54

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**वृष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आज नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक सफलता से आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**सिंह**
नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है।

**कन्या**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। दिनचर्या में सुधार होगा।

**वृश्चिक**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**मकर**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिजनों के व्यवहार के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

**कुंभ**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

## सार-समाचार

### शंख मंदिर में हुई सत्यनारायण कथा

**बांसवाड़ा, (निसं)।** श्री राधा कृष्ण शंख मंदिर प्रांगण में श्री राधा कृष्ण शंख धाम सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश भावसार की पच्चीसवी वैवाहिक वर्षगांठ पर संगीतमय सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक भुवनमुकुन्द पंड्या ने बताया कि कलयुग में गृहस्थाश्रम श्रेष्ठ आश्रम है जिसने गृहस्थ जीवन में रहते हुए समाज, सनातन, भगवान व परिवार की सेवा की उसने प्रभु कृपा अवश्य प्राप्त की। इस अवसर पर बड़ा रामद्वारा के संत रामप्रकाश व उदयराम महाराज सागवाड़ा का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। इससे पूर्व शास्त्री नवनीत पंड्या के मंत्रोच्चार के मध्य राजेश भावसार परिवार ने भगवान राधा कृष्ण व लक्ष्मीनारायण की महापूजा व तुलसीदलार्पण का लाभ लिया। संगीतमय कथा में गायिका रितु, ढोलक पर ललित जोशी व ओर्गन पर रितेश पंवार ने संगत दी। इस अवसर पर स्व. मोहन लाल देवारा सेवा संस्थान के अध्यक्ष महेंद्र देवारा व श्री राधा कृष्ण शंख धाम सेवा समिति के राजेश व्यास, अखिल व्यास, अनिल व्यास, तरुण व्यास, नवीन चंद्र व्यास, धर्मेंद्र शर्मा, उमाशंकर शर्मा, राजकुमार शर्मा, कन्हैयालाल श्रीमाल, प्रवीण व्यास, मोहनलाल शर्मा, कीर्ति व्यास, गायत्री परिवार संयोजक सुरेश जोशी, हाटकेश्वर मंदिर अध्यक्ष शक्ति स्वरूप पंड्या, धनपाल भावसार, विजयलाल भावसार, महेश भावसार, लक्ष्मीकांत भावसार, संजय भावसार, रामेश्वर भावसार, नरेंद्र भावसार, राजेंद्र भावसार सहित पदाधिकारी व यजमान परिवारजन मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री बांटी

**राजसमंद, (निसं)।** महावीर जन्म कल्याणक के तहत महावीर इंटरनेशनल त्रिशला जिले की ओर से 5 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत मोही ग्राम की भील बस्ती के गरीब जरूरतमंद परिवारों को 15 खाद्य सामग्री की पोटली दी गई। जिसमें 5 किलो आटा, 1 किलो शक्कर, 1 किलो दाल, 1 लीटर तेल, 1 किलो नमक, 1 किलो गुड, 1 किलो चावल, 200 ग्राम चाय की पत्ती आदि सामग्री दी गई व बच्चों को बिस्किट वितरित किए गए। साथ ही वृद्धाश्रम में काम करने वाली बहनों, भील बस्ती की औरतों व लडकियों को स्वास्थ्य के प्रति वीरा तारा पगारिया ने किस तरह सेनेटरी नेपकिन काम में लिया जाता है उसकी जानकारी देते हुए 50 सेनेट्री पैड का वितरण किया। भीषण गर्मी में पक्षियों के दाने-पानी के लिए वृद्धा आश्रम परिसर में 15 परिण्डे बाँधें व उनको रोज पानी भरने व दाना डालने को कहा। सबने अपने-अपने घरों के आस-पास पेड पर भी परिण्डे बाँधे। इस कार्यक्रम में चेतना (वृद्धाश्राम कर्मचारी) व त्रिशला मेम्बर वीरा तारा पगारिया, सबर चोरडिया, टीना सियाल, मधु शोभावत, सुमित्रा आदि का विशेष सहयोग रहा।

### हाठखड़ा पटेल समाज की बैठक हुई

**बांसवाड़ा, (निसं)।** ठीकरिया छात्रावास में हाठखड़ा पटेल समाज की बैठक गौतम पटेल सियापुर के मुख्य आतिथ्य, नवनियुक्त अध्यक्ष भारतसिंह गोयल बोदला की अध्यक्षत तथा नाहरसिंह पटेल सियापुर व कल्याण पटेल सालिया के विशिष्ट आतिथ्य में हुई। जिसमें कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कालूसिंह पटेल छींच, रणछोड़ पटेल बड़ोदिया व महेंद्र कुमार पटेल बड़लिया को उपाध्यक्ष, अनारसिंह पटेल कोहाला व धर्मेंद्र पटेल छींच को सह सचिव, प्रेमजी पटेल सालिया व केरेंग पटेल गोरडी को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में खुमानसिंह पटेल, नारेंग मुखिया, मानेंग डांगी, खुमानसिंह बड़ोदिया, कालू राठौड़, देवेंद्र पटेल, हिरजी भाई, वालेंग पटेल, मोगजी पटेल, केरेंग पटेल, अमरेंग पटेल, हीरालाल पटेल, खुमानसिंह बडगांव को शामिल किया गया। सचिव फतेहसिंह पटेल भचडिय़ा ने बताया कि इस अवसर पर कोषाध्यक्ष भगवती सिंह पटेल, मानेंग डांगी, हिरजी बांसला, खोमा भाई, भारत पटेल, वालेंग पटेल, अनादेंग पटेल, रणछोड़, नारेंग पटेल, रमेश मसानी,रणछोड़ पटेल सहित समाजजन मौजूद रहे।

### महेश सेन अध्यक्ष बने

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर सेन समाज नवयुवक मंडल विकास समिति की जिला बैठक सेन छात्रावास भूखण्ड पर संरक्षक फकीरचंद सेन कांकरोली, मदनलाल सेन चारभुजा के सानिध्य में आयोजित हुई। मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता प्रमोद सेन ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष एडवोकेट महेश सेन कुंवारिया को बनाया गया व पूर्व में बने सचिव हुक्मीचंद सेन मोही, कोषाध्यक्ष बाबूलाल सेन भावा को बरकरार रखने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही प्रमोद सेन कांकरोली को प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर आगामी 14 मई को पूरे जिले के समाज के प्रतिनिधियों का सम्मेलन करवाकर छात्रावास निर्माण के बारे में चर्चा किए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। इस दौरान फरारा मंडल अध्यक्ष संपतलाल सेन वनाई, अर्जुन सेन मोही, गोर्वधनलाल सेन सोनियाना, दिनेश सेन राजनगर, उदयलाल सेन पुटोल, महेंद्र सेन, अशोक सेन, धर्मेश सेन, राहुल सेन कांकरोली, सोनू सेन राजनगर, रोशन सेन सोनियाना, कैलाश सेन मोर्रा आदि उपस्थित थे।

### नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन शिविर आज

**राजसमंद,(निसं)।** जिला मुख्यालय पर आरोग्य समिति राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय गणेश नगर के माध्यम से सोमवार प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन (आयुर्वेदिक इम्यूनाइजेशन) शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला आयुर्वेद चिकित्सालय प्रभारी डॉ परसराम योगी ने बताया कि आयुर्वेद का सिद्धांत स्वस्थ के स्वास्थ्य की रक्षा के तहत जन्म से 15 साल तक के बच्चों को नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन ड्रॉप्स पिलाई जाएगी। यह स्वर्ण प्राशन जो बच्चें बार-बार बीमार होना, सर्दी खांसी, पाचन सिस्टम ठीक नहीं होना, रोग प्रतिरोधक क्षमता की कमी तथा बच्चों के अन्य शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अति उपयोगी है।

### विफा जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष योगेश जोशी ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार शशि कुमार शर्मा व अमृतलाल सनाढ्य को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं शिक्षक नेता देवेंद्र जोशी को जिला महामंत्री नियुक्त किया है। यह जानकारी विफा जिला प्रवक्ता अमित शुक्ला ने दी।

# झीलों के किनारों व घाटों की बदहाल स्थिति से युवा शोधकर्ता चिंतित

**उदयपुर, (निसं)।** उदयपुर की झीलों व उसके किनारों व घाटों की बदहाल स्थिति को देख देश भर से आए युवा शोधकर्ता चिंतित दिखे।

ये युवा स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) के तत्वावधान में पर्यावरण व विकास विषय पर अध्ययन कर रहे हैं।

- **ये युवा स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) के तत्वावधान में पर्यावरण व विकास विषय पर अध्ययन कर रहे हैं**



देश भर से आये युवा शोधकर्ताओं ने संवाद से पूर्व श्रमदान कर कचरे व गंदगी को हटाया।

झील प्रेमियों के साथ संवाद करते हुए एसएफडी के अखिल भारतीय प्रमुख राहुल गौड ने कहा कि झीलों, तालाबों सहित समस्त जलस्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन में युवा वर्ग को सतत व सक्षम भूमिका निभाने की जरूरत है। संवाद में एस एफ डी के राष्ट्रीय संयोजक मयूर झवेरी के नेतृत्व में दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान राज्यों के एस एफ डी संयोजकों व शोधकर्ताओं ने कहा कि झील, नदी, तालाब विकास के दृष्टिकोण को प्रकृति व समाज मूलक बनाना होगा। संवाद में डा अनिल मेहता, तेज शंकर पालीवाल, नंद किशोर शर्मा, कुशल रावल,पल्लव दत्ता , द्रुपद सिंह, रमेश चंद्र राजपूत ने भी विचार रखे। संवाद पूर्व श्रमदान कर कचरे, गंदगी को हटाया गया।

# चार दिन बाद बच्चे का शव मां ने लिया

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले की दोवड़ा पंचायत समिति क्षेत्र में माता-पिता के बीच विवाद के कारण चार वर्ष की बालक की बीमारी से मौत हो गई थी। करीब चार दिन बाद मां ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव लिया। सारी प्रक्रिया में चार दिन तक बच्चे का शव जिला अस्पताल मुर्दाघर में पड़ा रहा।

- **चार वर्ष के बालक की बीमारी के कारण मौत हो गई थी**
- **माता-पिता के बीच विवाद से शव अस्पताल के मुर्दाघर में पड़ा रहा**

प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदिरा पत्नी कांतिलाल डेंडोर उम्र 33 साल अपने पिता के घर वरदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव तलैया डोजा में रहती थी। करीब आठ वर्ष पूर्व उसकी शादी मसानिया गांव के कांतिलाल पुत्र नाथू डेंडोर के साथ सामाजिक नियमों के अनुसार हुई थी।

उससे एक पुत्र मौलिक डेंडोर का जन्म हुआ था। मौलिक को बचपन से ताण की बीमारी थी। इसी दौरान पिछले डेढ़ साल से इंद्रिरा का अपने पति कांतिलाल से कहासुनी में झगड़ा हो गया और दोनों में दूरी बढ़ गई थी। जिसके बाद से इंद्रिरा अपने पिता के घर तलैया डोजा में रहती थी। जहां पर उसके पिता का दस दिन पूर्व बीमारी के कारण निधन हो गया था। 25 अप्रेल को मौलिक डेंडोर उम्र चार साल रात को खाना खाने के बाद घर के अंदर सोया था। तभी उसको अचानक ताण का दौरा पड़ा। इसके कारण इंद्रिरा उसे अपने भाई झुमकलाल के साथ आंतरी पीएचसी लेकर आई।

जहां पर डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। 25 अप्रेल से चार साल के मौलिक का शव मोर्चरी में पड़ा हुआ था। पिछले चार दिन से कोई भी शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के लिए नहीं आ रहा था। रविवार को मां ने पुलिस में रिपोर्ट देते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने इंद्रिरा की रिपोर्ट पर शव का पोस्टमार्टम कराकर उसकी मां को शव सुपुर्द कर दिया।

## समाज की गतिविधियों पर चर्चा की

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर कायस्थ समाज जिला का स्नेह मिलन समरोह आयोजित किया गया। समाज के जिलाध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में समाज के महिला/पुरुष सदस्यों ने गीत, गजल आदि की प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। इसके साथ ही समाज की महिलाओं और बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए सदस्यों का मनोरंजन किया। समाज के पदाधिकारियों ने समाज की आगामी गतिविधियों से अवगत करवाया। साथ ही समाज की सोसायटी के रजिस्ट्रेशन और राज्य सरकार से रियायती दर पर समाज के लिए भूमि आवंटन को लेकर भी सदस्यों को अवगत करवाते हुए उनके सुझाव लिए। कोषाध्यक्ष अजय चौधरी ने आय-व्यय का विवरण पेश किया।

# ज्योतिष परामर्श शिविर में लोगों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया

**उदयपुर, (निसं)।** जय हनुमान राम चरित मानस प्रचार समिति ट्रस्ट तथा बीइंग मानव सेवा संस्थान द्वारा रविवार को यहां शोभागपुरा स्थित अशोका पैलेस में आयोजित नि:शुल्क ज्योतिष, हस्त रेखा एवं वास्तु परामर्श शिविर में भीड़ उमड़ पडी।

शिविर में 500 से अधिक लोगों को नि:शुल्क कुण्डली मिलान, काल सर्पदोष, मांगलिक कुण्डली, वास्तु दोष एवं अन्य कई ज्योतिषीय समाधान ज्योतिष मर्मज्ञो एवं एवं वास्तु विद्वानों द्वारा किया गया।

- **शिविर में 500 से अधिक लोगों को परामर्श दिया**



जय हनुमान राम चरित मानस प्रचार समिति ट्रस्ट व बीइंग मानव सेवा संस्थान द्वारा शिविर आयोजित।

शिविर में डा. भगवती शंकर व्यास, डा. कुंजन आचार्य, पं. सुरेश त्रिपाठी, प्रकाश परसाई, पं. गणपत लाल शास्त्री ,डॉ. मंजु शर्मा व श्रीमती हेमलता जोशी ने कुंडलिया देखकर फलित कथन के आधार पर ज्योतिषय परामर्श दिया एवं लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इसी प्रकार हस्तरेखा विशेषज्ञ के रूप में पंकज शर्मा, सचिन्द्र बरूआ व शंकर लाल साहु ने, वास्तु विशेषज्ञ के रूप में ओम माटवानी, राकेश पुरोहित, पं. नीरज आमेटा व सूर्यप्रकाश श्रीमाली , हस्ताक्षर विशेषज्ञ के तौर पर ईश्वर जैन व मुमल मेनारिया तथा टैरो कार्ड विशेषज्ञ के रूप में श्रीमती वीना माथुर व डा.कालन्दी पालीवाल ने करीब 45० से अधिक लोगों को निशुल्क परामर्श दिया। शिविर से पूर्व कार्यक्रम भी आयोजित किया जिसमें संस्था के संस्थापक सचिव पं. सत्यनारायण चौबीसा, मुख्य अतिथि निर्मल कुमार पण्डित तथा विशिष्ट अतिथि बीइंग मानव सेवा संस्थान के संस्थापक मुकेश माधवानी ने सभी ज्योतिषविदों का शाल ओढाकर सम्मानित किया। सत्यनारायण चौबीसा ने बताया कि संस्था की ओर से प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है। मुकेश माधवानी ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें इस कार्यक्रम का आयोजक बनने का अवसर प्राप्त हुआ है।

## सार-समाचार

### इज्तमाई शादी का पोस्टर विमोचन



**उदयपुर, (निसं)।** शहर के मल्लाह तलाई स्थित चिश्तिया पब्लिक स्कूल के हॉल में रविवार प्रातः 11 बजे शबाबे अहले सुन्नत ग्रुप के तत्वाधान में पहला आम सुन्नती इज्तमाई शादी सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन मौलाना इस्हाक अकबरी, मस्जिद मदरसा कमेटी बडी मस्जिद मल्लाह तलाई व समाज के मौतबिरान की मौजूदगी में किया । मोहसिन हैदर ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन 6 अक्टूबर को मल्लातलाई स्थित चिश्तिया गार्डन में किया जाएगा।

### खेलकूद प्रतियोगिता

**उदयपुर, (निसं)।** सेन समाज विकास संस्था उदयपुर द्वारा संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 724वीं जयंती पर पांच दिवसीय कार्यक्रम के साथ मनाई जाएगी। इसके तहत पहला दिवस 28 अप्रैल को सेन भवन मास्टर कॉलोनी में बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं पुरुष वर्ग की विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं हुई। समाज के संरक्षक राजेंद्र सेन ने बताया कि पांच दिवसीय सेन जयंती समारोह की शुरुआत 28 अप्रैल को सेन भवन मास्टर कॉलोनी में प्रदीप कुमार पंवार, शिक्षा एवं सांस्कृतिक मंत्री, सेन महिला संगठन अध्यक्ष उमा सेन, महामंत्री उर्मिला शर्मा, सेन नवयुवक संगठन के नितिन कुमार के संयोजन में विभिन्न वर्गों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में बच्चों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ जनों ने भाग लिया । पांच दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत 30 अप्रेल को सेन भवन धान मंडी में प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक निशुल्क डायबिटीज़ एवं ब्लड प्रेशर जांच शिविर आयोजित किया जाएगा ।

### नृत्यम-2024 का आयोजन आज

**उदयपुर, (निसं)।** भारतीय लोक कला मण्डल, उदयपुर में विश्व नृत्य दिवस के अवसर पर 29 अप्रैल को ''नृत्यम-2024' का आयोजन मुक्ताकाशी रंगमंच पर किया जाएगा। भारतीय लोक कला मण्डल के निदेशक डॉ. लईक हुसैन ने बताया कि दिनांक 29 अप्रैल को पूरे विश्व में विश्व नृत्य दिवस के अवसर पर भारतीय लोक कला मण्डल द्वारा 29 अप्रैल को नृत्यम-2024 का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शास्त्रीय नृत्य शैली के कार्यक्रम आयोजित किये जाएगे। जिसमें प्रसिद्ध नृत्य गुरुओं एवं उनके शिष्यों द्वारा नृत्य के प्रदर्शन किये जाएगें तो इसी कार्यक्रम में भारतीय लोक कला मण्डल के कलाकारों द्वारा राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी जाएगी।

### वृद्धा की सोने की नथ छिनी

**उदयपुर, (निसं)।** बकरियां चराने गई वृद्धा की सोने की नथ छीनने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पीडित बिठोली घासा निवासी उदयलाल पुत्र डालू वागरिया ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 27 अप्रेल को सवेरे मेरी मां धापूबाई (65) बकरियां चाराने गई थी। जहां वह महादेव देवरे पर दर्शन कर लौट रही थी। इसी दौरान बाइक पर आए नकाबपोश दो बदमाशों ने देवरे के बारे में पूछा। जवाब देने के दौरान बदमाश मां के नाक से सोने की नथ छीन ले गए। चिल्लाने पर सुनसान रोड़ होने से काई मदद को नहीं आया। सूचना पर घासा थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच एएसआई उदयसिंह को सौंपी है।

### हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर, (निसं)।** फलासिया थाना क्षेत्र में हुए सडक हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फलासिया थाना क्षेत्र सोम से सरवन रोड़ पर दो दिन पूर्व हुए हादसे में जीप के नीचे दबने से सरवन निवासी सोहनलाल (18)पुत्र नाथूलाल भगोरा की मौत हो गई। सोहनलाल जीप में बैठ कर घर लौट रहा था। जहां ब्रेक फैल होने पर जीप पलट गई। इस दौना सोहन नीचे दब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर हेडकांस्टेबल कांतिलाल ने मृतक को झाड़ोल चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। परिजनों के आने पर उसका पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### वृद्धा के जेवर छीने

**उदयपुर, (निसं)।** मकान के बरामदे में सोई वृद्धा के बदमाश सोने के जेवरात छीन ले गए । प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता दातिसर निवासी इन्द्रा कंवर (60) पत्नी परथाजी शनिवार रात में परिवारजन के साथ अपने मकान के बरामदें में सोई थी। देर रात में आए तीन बदमाश वृद्धा के दोनों कानों के गाले छीन ले गए। इस दौरान जाग होने पर चिल्लाने पर बदमाश नदी की तरफ भाग निकले चिल्लाने की आवाज सुन इकठ्ठा हुए ग्रामीणों की भीड़ ने बदमाशों की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इधर सूचना मिलने पर कुराबड़ थानाधिकारी चेलसिंह ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण कर बदमाशों की तलाश शुरू की।

### एम.एम.बी. ग्रुप ने प्याऊ लगाई

**डूंगरपुर, (निसं)।** शहर में भीषण गर्मी के चलते चांदपोल स्थित मस्तान बाबा दरगाह पर आने वाले जायरीनों राहत पहुंचाने के लिए एमएमबी ग्रुप द्वारा प्याऊ शुरु किया गया। ग्रुप सदर मकरानी ने बताया कि, मद्देनजर जायरीनों को शुद्ध व शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए यहां पर एक प्याऊ लगाई गयी है, इससे पूर्व भी ग्रुप द्वारा वीर कालीबाई कन्या कॉलेज व देवेंद्र बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो प्याऊ का निर्माण किया जा चुका है। इस प्याऊ में दो फिल्टर व दो ठन्डे पानी की मशीन स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर ग्रुप के सदस्य मौजूद रहे।

## पंच यादव समाज संस्थान की हुई बैठक

**बांसवाड़ा, (निसं)।** पंच यादव समाज संस्थान की बैठक समाज के नोहरे में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व नर्सिंग अधीक्षक शंकरलाल यादव की अध्यक्षता, समाजसेवी देवीलाल सांडेरा के मुख्य आतिथ्य तथा सेवानिवृत्ति तहसीलदार कांतिलाल परमार के विशिष्ट आतिथ्य में हुई। संस्थान सचिव एवं पूर्व पार्षद देवीलाल यादव ने बताया कि बैठक में समाज के आर्थिक रुप से पिछड़े बंधुओं को संबल प्रदान करने, समाज में शादियों व अन्य कार्यक्रमों में फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाने व समाज के नोहरे के नवीनीकरण जैसे प्रस्तावों पर चर्चा की गयी। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. यादव ने समाज में शिक्षा व एकता पर बल देते हुए कहा कि जिस समाज में शिक्षा अग्रणी है वह समाज उन्नित के शिखर पर है। विशिष्ट अतिथि परमार ने समाज की उन्नित के लिये हर व्यक्ति की सहभागिता की जरुरत बताई। मुख्य अतिथि सांडेरा, गिरदावर हरीश, शंकरलाल यादव, किशनलाल यादव, दिलीप, हीरालाल यादव, कचरु परमार, नवीन, मुकेश, बंसीलाल यादव व राजेन्द्र परमार ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में लिये गये प्रस्तावों के अनुमोदन के लिये आगामी बैठक 12 मई को समाज के नोहरे में आहुत करने का निर्णय लिया गया।

# विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेने पहुंचे लोग



पेसिफिक में निशुल्क जांच, भर्ती और ऑपरेशन की सुविधाओं वाला चिकित्सा शिविर संपन्न हुआ।

**उदयपुर, (निसं)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, भीलों का बेदला उदयपुर एवं वाइब्रेन्ट अग्रवाल ग्रुप उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में शहर में पहली बार सबसे बडा निशुल्क जांच, भर्ती और ऑपरेशन की सुविधाओं वाला चिकित्सा शिविर रविवार को आरएमवी स्कूल के सभागार में संपन्न हुआ।

अग्रवाल वाइब्रेंट के अनिल अग्रवाल ने बताया कि एक दिवसीय शिविर में 2500 लोगों ने अलग अलग जांच के लिए पंजीयन कराया। निशुल्क शिविर में 1572 लोगों ने जांच कराकर परामर्श व दवाइयां ली। वहीं नेत्र जांच के बाद दो हजार लोगों को चश्मे बांटे गए। शिविर में मुख्य अतिथि पीएमसीएच के कार्यकारी निदेशक अमन अग्रवाल थे। आरएमवी के केंद्रीय सभागार में हुए खास शिविर में पीएमसीएच के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अतुलाभ वाजपेयी, डॉ. हनुवंत सिंह, डॉ. नीलेश पतीरा, डॉ. शिव कौशिक, डॉ. मनीषा वाजपेयी आदि ने रोगियों की जांच की और उन्हें परामर्श दिया। शिविर के आधार पर 70 रोगियों का चयन ऑपरेशन के लिए किया गया है। इन सभी का निशुल्क ऑपरेशन अगले दस दिन में अस्पताल में होगा।

शिविर शुरू होने से पहले ही सुबह से ही लम्बी कतारे, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक पहुंचे। शिविर में जांच कराने शहर के लोग शिविर शुरू होने से पहले ही पहुंच गए । शिविर में छोटे बच्चों से लेकर 80 साल तक के बुजुर्ग भी पहुंचे। शिविर के सफल संचालन के लिए पेसिफिक की चिकित्सक टीम के साथ अग्रवाल वाइब्रेंट के सदस्य भी मौके पर रहे और सेवाएं दी।

## साप्ताहिक धरना प्रदर्शन जारी

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राजस्थन शिड्यूल एरिया संघर्ष समिति की ओर से दिया जाने वाला साप्ताहिक धरना प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता संघर्ष समिति जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह भगोरा ने की जबकि मुख्य अतिथि राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद् के प्रदेशाध्यक्ष कमल किशोर पारगी रहे। समिति पदाधिकारियों ने संविधान के अनुच्छेद 244(1) व पांचवी अनुसूची के तहत विशेषाधिकारों को अनुसूचित क्षेत्र में लागू करने, क्षेत्र में निवासरत एसटी, एससी, ओबीसी, माईनॉरिटी व सामान्य वर्ग के लोगों को सरकारी, गैर सरकारी नौकरी, पदोन्नित व प्रशिक्षण में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था लागू करने की मांग दोहराई। वक्ताओं ने कहा कि संघर्ष समिति की ओर से बार-बार धरना प्रदर्शन, महारैली व ज्ञापन के माध्यम से जनजाति सलाहकार परिषद् सदस्यों, 17 विधायकों को अपनी मांगों से अवगत कराया गया लेकिन आज तक कोई उचित कार्यवाही नहीं की गयी। इन लोगों ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर आयोजित सभा को डायालाल पारगी, गोलुसिंह पारगी, बिना देवी ने भी संबोधित किया।

# लेकसिटी का तापमान 38 डिग्री पर पहुंचा



उदयपुर में बढ़ते तापमान के साथ ही तरणताल में बच्चे तैराकी का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

**उदयपुर, (निसं)।** झीलों के शहर में गर्मी अपना अहसास करा रही है। अप्रेल के आखिरी सप्ताह में हीट वेव के साथ ही तापमान अब 38 डिग्री पहुंच गया है। झीलों में जहां सुबह लोग तैराकी करते दिखाई दे रही है वहीं वहीं शाम ढलते ही नन्हें मुन्ने छाई छपाक करने तरणताल की और अपना रुख करने लगे है।

शहर के आरएनटी मेडिकल कॉलेज स्थित तरणताल पर तैराकी सीखने बच्चे पहुंच रहे है।

तैराकी के मुख्य प्रशिक्षक दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि आज के समय में अभिभावकों की एक मुख्य शिकायत रहती है की उनके बच्चे खाना नहीं खाते हैं, उनकी दिनचर्या में कोई खेलने की एक्टिविटी नहीं है एवं हर समय टीवी एवं मोबाइल की ज़िद करते रहते हैं। ऐसे में नन्हें मुन्ने बच्चों को जब तरणताल में तैराकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तैराकी प्रशिक्षक रणवीर सिंह राणावत से बच्चे तैराकी सीख रहे है। तैराकी में मनोरंजन के साथ नया कौशल सीखने से बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। बच्चों का मनोबल बढ़ाने तरणताल निदेशक दीपक गुप्ता, खेलो इंडिया स्वर्ण पदक विजेता कीर्ति टाक, अभिभावक, विद्यालय स्टाफ आदि तरणताल पर उपस्थित रहे।

# पाली में 230 करोड़ रुपये की ड्रग पकड़ी, 13 आरोपी गिरफ्तार

## गिरफ्तार आरोपियों में पाली का युवक भी शामिल बताया गया है

**पाली, (निसं)।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ऑफ इंडिया (एसीबी) और गुजरात एटीएस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए राजस्थान-गुजरात में 230 करोड़ कीमत की ड्रग पकड़ी है। मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें पाली का भी एक युवा शामिल है, जिसे पुलिस ने पहले जोधपुर में भी मेथाएम्फेटामाइन (मेफेड्रोन) यानी एमडी ड्रग के साथ पकड़ा था।

बीते तीन सालों में आरोपी युवक ने ड्रग सप्लायर के रूप में तेजी से पैर पसारे और युवाओं को एमडी की लत लगाकर अपना कारोबार बढ़ाया। पुलिस ने बताया कि पाली के बापू नगर विस्तार में दीपक सोलंकी (30) पुत्र पेमाराम सोलंकी का घर है। वह पिता के चाय के बिजनेस में चाय-पत्ती की सप्लाई का काम करता है। इसके चलते उसका पाली जिले में आना-जाना लगा रहता था।

करीब तीन-चार साल पहले वह एमडी के सप्लायर कुलदीप सिंह के संपर्क में आया, जिसने उसे पाली में लालच दिया। इसके बाद दीपक जोधपुर से एमडी लाकर पाली में बेचने लगा और युवाओं को नशे का आदी बनने लगा। उसने अपने नीचे कई लोगों को जोड़ दिया और कुछ ही सालों में पाली जिले में एमडी का बड़ा सप्लायर बन गया।

पुलिस ने बताया कि दीपक को करीब एक साल पहले जोधपुर जिले के लूणी थाना पुलिस ने तीन-चार युवकों के साथ एमडी लेते हुए गिरफ्तार किया था। इसके बाद परिवार ने काफी मुश्किलों से उसकी जमानत करवाई थी। नशे के इस कारोबार में घुसने के बाद दीपक स्कॉर्पियो जैसी गाड़ी में घूमने लगा। जोधपुर से गुजरात आने-जाने लगा। सोशल मीडिया पर खुद की प्रोफाइल में बिजनेसमैन लिखना शुरु कर दिया। आरोपी के अकाउंट में गाड़ी के साथ कई फोटो बरामद किए गए।

> ■ पाली पुलिस ने एमडी पकड़ने की बड़ी कार्रवाई की है, मध्यप्रदेश से भी आरोपी पकड़ कर लाए हैं उनकी लास्ट कड़ी तक पहुंचे हैं : पाली एसपी

पुलिस ने बताया कि इकलौती संतान होने के कारण पिता ने उसकी जमानत करवाई थी और युवक से परिवार के चाय के बिजनेस पर ही ध्यान देने की नसीहत दी थी। लेकिन आरोपी पर पिता की नसीहत का कोई असर नहीं हुआ और वह फिर से इस धंधे में पड़ गया। जिसके बाद गुजरात एटीएस ने उसे शनिवार को पकड़ा।

सूत्रों की मानें तो एमडी का नशा स्मैक से कई गुणा अधिक होता है। ढाई से तीन हजार रुपए एक ग्राम एमडी के लगते हैं और इसे गुटखे में मिलाकर खाया जाता है। पाली में युवा इस नशे को करने के लिए होटल में एसी रूम ग्रुप में मिलकर किराए पर लेते हैं और वहां बैठकर एमडी का नशा करते हैं। पुलिस का कहना है कि इस नशे की लत लगने पर वह इसके बिना नहीं रह पाता है और उसे बहुत ज्यादा बेचैनी होने लग जाती है। इसी वजह से पाली में युवा अपराध की राह पर बए रहे है।

म्याऊं-म्याऊं नाम से पोपुलर एमडी ड्रग कोकीन या हेरोइन की तरह प्राकृतिक नशीला पदार्थ नहीं है, बल्कि एक सिंथेटिक ड्रग है और इसका असली नाम मेफेड्रोन है। इसे कुछ खास पौधों के कीड़े मारने के लिए एक सिंथेटिक खाद के तौर पर तैयार किया गया था। बाद में इसे नशे के तैर पर इस्तेमाल किया जाने लगा और देखते ही देखते नशेड़ियों के बीच इस ड्रग की मांग बढ़ने लगी। यह शुरुआत में बाकी ड्रग्स के मुकाबले काफी सस्ती थी, इसलिए इसकी डिमांड तेजी से बढ़ी। एनडीपीएस एक्ट के तहत इस पर बैन लगा हुआ है।

पाली एसपी चूनाराम जाट ने कहा कि बीते कुछ माह में पाली पुलिस ने एमडी पकड़ने की बड़ी कार्रवाई की है। मध्यप्रदेश से भी आरोपी पकड़ कर लाए है। उनकी लास्ट कड़ी तक पहुंचे हैं। चुनाव खत्म हुआ है। अब फिर से इस धंधे से जुड़े आरोपियों को पकड़ने पर फोकस करेंगे ताकि कम उम्र के युवाओं को इस नशे की गिरफ्त से दूर किया जा सके।

# पुलिस थाना रावतभाटा कैंपस में भीषण आग लगी

## 17 बाइक जली, 60 बाइकों को बचाया, बड़ा हादसा टला



रावतभाटा थाना परिसर में आग लगने दोपहिया वाहन जल गए।

**रावतभाटा, (निसं)।** रावतभाटा थाना परिसर में आज सुबह आठ बजे अचानक आग लग गई। आगजनी में करीब एक दर्जन से अधिक दोपहिया वाहन जल गए। हालांकि पुलिस जवानों और फायर कर्मियों की सजगता से करीब 50 वाहनों को जलने से बचा लिया गया। आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं होता तो लाखों रुपए के वाहन जल जाते।

नगरपालिका फायर प्रभारी राजेश जयपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि थाने में आग की सूचना पर तुरंत टीम मौके पर पहुंची। जहां एक पीपल के पेड़ के नीचे खड़ी बाइकों में आग धधक रही थी। वहीं पीपल पर करीब 7 से 8 मधुमखियों के छत्ते थे। परिस्थिति विकराल थी, मगर टीम ने सजगता दिखाते पुलिसकर्मियों की मदद से करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। हालांकि आग की चपेट में 17 बाइक जल गईं। वहीं करीब 60 बाइक को जलने से बचा लिया गया। हेड कॉन्स्टेबल जगदीश प्रसाद, कॉन्स्टेबल दानवीर, बबलू, नरेश, डूंगरराम सहित फायर कर्मी राहुल बिजौलिया, साहिल खान, नाजिर खान ने समय रहते आग पर काबू पाया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया।

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले की कोतवाली पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर रेप करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी नाबालिग का अपहरण कर उदयपुर ले गया था। वहां उसने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि, 5 अप्रेल को एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसमें बताया कि, वह काम से घर से बाहर गई थी। घर पर बेटी और बेटा अकेले थे। इस दौरान नाबालिग बिना कुछ बताए कहीं चली गई। जिसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। नाबालिग बेटी के पास कोई फोन भी नहीं है।

इस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। थानाधिकारी के साथ विशेष टीम ने तलाश शुरू की। इस दौरान पुलिस को आरोपी अभिषेक मीणा के नाबालिग के अपरहण कर भगा ले जाने का पता चला। पुलिस ने मामले में नाबालिग को डिटेन कर लिया। पुलिस ने आरोपी अभिषेक मीणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे एक दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है।

# रविंद्र सिंह भाटी की सुरक्षा को लेकर मारवाड़ राजपूत सभा की बैठक

**जोधपुर, (कासं)।** शिव विधायक व बाड़मेर संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी को मिल रही धमकियों को गंभीरता से लेते हुए मारवाड़ राजपूत सभा द्वारा रविवार को मारवाड़ राजपूत सभा भवन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की व राज्य सरकार से भाटी को शीघ्र जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष श्री हनुमान सिंह खांगटा की।

मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में बाड़मेर चुनाव के मध्य नजर शिव विधायक व बाड़मेर संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी को मिल रही धमकियों को देखते हुए उन्हें मुख्यमंत्री भजनलाल द्वारा शीघ्र जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। भाटी को मिल रही धमकियों को राजपूत समाज गंभीरता से ले रहा है व इसी तरह राज्य सरकार को भी गंभीरता से लेकर शीघ्र उचित कदम उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंगलवार को प्रातः 11 बजे मारवाड़ राजपूत सभा भवन से रैली के रूप में जाकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा व भाटी को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान करने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि ज्ञापन देने के लिए संभाग भर से समाज के लोग मंगलवार को उपस्थित होंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी इस मांग को गंभीरता से राज्य सरकार के समक्ष रखा जाएगा। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. नारायण सिंह माणकलाव ने इस अवसर पर कहा कि रविंद्र सिंह भाटी समाज का एक उभरता सितारा व साथ जनप्रतिनिधि हैं। मारवाड़ राजपूत सभा के महासचिव के वी सिंह चांदरख ने अपनी बात रखते हुए कहा कि जिस तरह की धमकी रविंद्र सिंह भाटी को मिली है उसको सभी ने गंभीरता से लिया है।

# रविंद्र सिंह भाटी जातिवाद का जहर घोल रहे हैं: उम्मेदाराम

**बाड़मेर, (निसं)।** बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट पर सियासी पारा उफान पर है। कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल ने कहा कि बाडमेर जिला अस्पताल में लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों पर निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्रसिंह भाटी के समर्थकों, कार्यकर्ताओं की बौखलाहट में गुंडागर्दी, आतंक ने लोकतांत्रिक अधिकार के निर्वहन का हिस्सा बने कांग्रेस बूथ एजेंटो, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं पर मारपीट की घटनाओं में घायल हुए लोगों से मिलकर स्वास्थ्य की जानकारी ली।

पुलिस प्रशासन और प्रशानिक अधिकारियों से निवेदन है कि आप सख्ती बरतते हुए असामाजिक तत्वों पर समय रहते कार्यवाही करें। और निर्दलीय प्रत्याशी शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी लगातार पिछले एक महीने से जातिवाद का जहर घोलकर मतदान के दिन और मतदान के बाद उनके समर्थक बाहरी लोगो द्वारा जिस तरीके से उत्पात व आतंक मचाकर माहौल बिगाड़ने के लिए वैमनस्यता फैलाने का काम कर रहे हैं। उस पर कंट्रोल करें अन्यथा हालात बेहद चिंताजनक बनकर बिगड़ सकते हैं।

वहीं रविंद्र सिंह भाटी ने बालोतरा में एसपी कार्यालय का अपने समर्थकों के साथ घेराव करते हुए धरने पर बैठ गए। भाटी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि इन्होंने क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो पाए।

# हनीट्रैप में फंसाने के मामले में दो गिरफ्तार

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** पुलिस ने हनीट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध हथियार बरामद किये हैं। पुलिस ने बताया कि रोडवेज बस डिपो के सामने रहने वाले राहुल गुप्ता ने रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में बताया कि 10 मार्च को एक अनजान महिला का फोन आया और उसने दोस्त की बहन होने का परिचय दिया।

इस दौरान उसने जरूरी काम के बहाने जयपुर में अपने कमरे पर बुलाया और गेट बंद कर मुंह पर स्प्रे मार दिया। इसके बाद महिला ने उसकी जेब में रखे 40 हजार रूपए और मोबाइल निकालकर 10 हजार रुपए की मांग की। साथ ही दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दी। इस पर पीड़ित ने उसे दस हजार रुपए दे दिए। इसके बाद गैंग के सदस्य मदन सिंह उर्फ पप्पू मीना ने फोन कर धमकी दी कि तुमने मेरी पत्नी के साथ गलत काम किया है। महिला को कोर्ट में पेश कर पीड़ित को फंसाने की धमकी देकर हिंडौन बाइपास पर स्थित हनुमान मंदिर के पास बुलाया और दो लाख रुपए मांगे। थानाधिकारी हरलाल ने मामले में कार्रवाई करते हुए कालाखा निवासी मदन सिंह उर्फ पप्पू मीना और राजेश मीना निवासी ढाणी सेहजपुर थाना बामनवास जिला गंगापुर सिटी को देशी कट्टा और बोलेरो गाड़ी के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

# डी.एम.एफ.टी. फंड का सही उपयोग नहीं करने पर एन.जी.टी. सख्त

> ■ मुख्य सचिव, कलेक्टर सहित सात अन्य को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**भीलवाड़ा, (निसं)।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) सेंट्रल जोनल बेंच भोपाल ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड का नियमानुसार खनन प्रभावित क्षेत्रों में उचित उपयोग नहीं होने के मामले को लेकर सख्त रुख अपनाया है। भीलवाड़ा निवासी पर्यावरणविद बाबूलाल जाजू की अधिवक्ता दीक्षा चतुर्वेदी के मार्फत दायर जनहित याचिका को दर्ज करते हुए न्यायाधिपति शिवकुमार सिंह एवं विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद की बेंच ने मामले में मुख्य सचिव राजस्थान सरकार, प्रमुख सचिव मिनरल रिसोर्स डिपार्टमेंट जयपुर, सदस्य सचिव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल जयपुर, निदेशक खान एवं भू विज्ञान विभाग उदयपुर, सचिव स्थानीय स्वशासन विभाग, जयपुर, जिला कलेक्टर भीलवाड़ा, सदस्य सचिव राजस्थान डिस्ट्रीक्ट मिनरल फाउण्डेशन फण्ड भीलवाड़ा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जाजू ने याचिका में बताया कि डीएमएफटी फंड का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों के सामने आने वाली सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का समाधान करना है। 2015 से डीएमएफ योजना के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर 19,000 करोड़ रुपये की बड़ी राशि एकत्र की गई है एवं इसमें से केवल 55 प्रतिशत का ही उपयोग किया गया है, जिससे डीएमएफ फंड की पारदर्शिता और प्रभावी उपयोग के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं। जाजू ने याचिका में बताया कि डीएमएफटी फंड का उपयोग खनन प्रभावित क्षेत्र के चारों और वृक्षारोपण, सिलिकोसिस रोगियों के उपचार एवं उनकी बेहतरी, पेयजल, सड़कों एवं गांवों व सार्वजनिक स्थलों पर सोलर सिस्टम, पंचायतों में पौधारोपण व चारागाह विकास, वन भूमि में पौधारोपण एवं सुरक्षावॉल, सिंचाई व्यवस्था, स्वास्थ्य, ग्रामीणों की शिक्षा तथा खनन प्रभावित क्षेत्र और उसके आसपास पर्यावरण पर खनन के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए अपनाए जाने वाले उपायों पर किया जाना चाहिए, जो नहीं किया जा रहा है।

जाजू ने बताया कि राजस्थान में 6000 करोड़ रुपया एवं भीलवाड़ा में 1800 करोड़ रुपया डीएमएफटी फंड में जमा है एवं भीलवाड़ा में प्रतिवर्ष लगभग 300 करोड़ रुपया खनन रॉयल्टी से फंड में आता है जिसे राजनीतिक कारणो से नियमविरुद्ध अन्य कार्यों में खर्च किया जा रहा है। याचिका की अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी।

# खेत में लगी भीषण आग से 10 बीघा फसल जली

**भीलवाड़ा, (निसं)।** मंगरोप थाना क्षेत्र के एक खेत में लगी आग से करीब 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। खेत से गुजर रही बिजली की लाइन में स्पार्किंग होना आग का कारण बताया जा रहा है। फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की मदद से क़रीब दो घंटे में आग पर काबू पाया जा सका।

घटना मंगरोप थाना क्षेत्र के सियार गांव की है। सियार निवासी रतनलाल जाट के दस बीघा के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में शनिवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग खेत में फैल गई। जिससे खेत में खड़ी सारी फसल जलकर राख हो गई। आग से निकलता धुंआ देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से फायरब्रिगेड कर्मियों ने करीब दो से ढाई घण्टे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा आसपास के खेतों में कटी हुई फसल एवं खाखला पड़ा हुआ था जिसे काफी नुकसान पहुंच सकता था।

संजय वैष्णव ने बताया कि उसका खेत भी समीप में है जिससे उसके खेत में पड़ा करीब दो गाड़ी खाखला जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गया। प्रथमदृष्टया खेत से गुजर रही बिजली की लाइन में स्पार्किंग होना आग लगने का मना जा रहा है। खेत मालिक के अनुसार खेत में जली फसल का बाजार भाव करीब 2 लाख रुपये बीघा था। इतने बड़े नुकसान से परिवार में मायूसी छा गई है।

# विवाहिता से मारपीट, जलाने का भी प्रयास

**अजमेर, (कासं)।** आदर्श नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता से मारपीट कर जलाने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। विवाहिता ने पुलिस को दी शिायिक में आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने उसे डीजल डालकर जलाने का प्रयास भी किया और वह जैसे तैसे बची। पुलिस ने विवाहिता की रिपोर्ट पर देवर, पति व ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आदर्श नगर थाना क्षेत्र के रेती का बाडिया बड़लिया निवासी चन्दू रावत ने थाने में लिखित शिकायत देकर अपने पति, देवर व ससुरल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि रविवार सुबह घर का काम कर रही थी। इसी दौरान देवर सुरेश आया और लाठी से मारने लगा। पति मुकेश रावत भी उसके साथ मिलकर मारपीट करने लगा। बच्चों को भी मारा और बाद में कमरे में ले जाकर मेरे ऊपर डीजल डाला और बोले लगे कि जलाएंगे, फिर मैं जैसे-तैसे बाहर निकली। इसके बाद देवर ने उसके साथ मारपीट की, फिर ससुर के पास ले गए और वहां तीनों ने बुरी तरह से मारपीट की। मारपीट के कारण वह बेहोश हो गई और बाद में ससुराल वालों ने पीहर में मां को फोन कर ले जाने के लिए बोला। पीड़िता की रिपोर्ट पर आदर्श नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रेल विभाग आधा दर्जन यात्री कोच बढ़ाएगा

## यात्री कोच बढ़ने से यात्रियों को मिलेगी ज्यादा सुविधा

**दौसा, (निसं)।** रेल विभाग विभिन्न मार्गों पर जाने वाली ट्रेनों में करीब आधा दर्जन यात्री कोच बढ़ाने पर कार्य कर रहा है अगर विभिन्न मार्गों पर चलने वाली ट्रेनों में यात्री कोच बढ़ाते हैं तो यात्रियों को सुविधा मिलने के साथ रिजर्वेशन में वेटिंग आदि से भी निजात मिलने की गुंजाइश रहेगी।

बांदीकुई रेलवे स्टेशन से होकर आगरा, अमृतसर, वाराणसी और कोलकाता जाने वाले यात्री ट्रेनों में कोच बढ़ाएगा। इससे गर्मियों की छुट्टियों में घूमने जाने वाले यात्रियों को फायदा मिलेगा। रेलवे गर्मियों की छुट्टियों में यात्री भार को देखते हुए कई स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। इसके अलावा जयपुर मंडल में 38 यात्री ट्रेनों में आने वाले दिनों में कोच भी बढ़ाए जाएंगे। जिससे यात्रियों को सफर के दौरान फायदा मिले। बांदीकुई जंक्शन से होकर अमृतसर, कोलकाता, खजुराहो, आगरा और वाराणसी की ओर जाने वाली पांच यात्री ट्रेनों में भी 6 कोच बढ़ाए जाएंगे। अजमेर-आगरा फोर्ट ट्रेन में 1 मई से 31 मई तक एक थर्ड एसी, जोधपुर-वाराणसी सिटी मरुधर एक्सप्रेस ट्रेन में जोधपुर से 1 मई से 31 मई तक और वाराणसी सिटी से 2 मई से 1 जून तक एक थर्ड एसी इकोनोमी श्रेणी कोच, उदयपुर सिटी-खजुराहो में उदयपुर सिटी से 1 मई से 31 मई तक और खजुराहो से 3 मई से 2 जून तक एक जनरल कोच, अजमेर-अमृतसर एक्सप्रेस में अजमेर से 1 मई से 30 मई तक और अमृतसर से 2 मई से 31 मई तक दो स्लीपर कोच, बीकानेर-कोलकाता में बीकानेर से 2 मई से 30 मई तक और कोलकाता से 3 मई से 31 मई तक एक थर्ड एसी कोच बढ़ाया जाएगा। पांच डिब्बे बढ़ने के बाद यात्रियों को करीब 460 सीटें और मिलेगी। इससे सबसे ज्यादा फायदा रिजर्वेशन में मिलेगा। कोच बढ़ने के बाद रिजर्वेशन वेटिंग लिस्ट कम होगी। इससे यात्रियों को कन्फर्म रिजर्वेशन मिलने की ज्यादा उम्मीद रहेगी और यात्रियों को ज्यादा सुविधा मिल पाएगी।

> ■ बांदीकुई स्टेशन से होकर आगरा, अमृतसर, वाराणसी और कोलकाता जाने वाली यात्री ट्रेनों में कोच बढ़ाएगा

# कुएं में गिरने से युवक की मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** सुबह-सवेरे फ्रेश होने के लिए निकला युवक पैर फिसलने से कुएं में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। काफी देर बीत जाने के बाद भी जब युवक घर नहीं लौटा तो घर वाले उसे तलाशते हुए तालाब की ओर गए वहां युवक की चप्पल कुएं के बाहर देखी तो उन्हें युवक के कुएं में गिरने की शंका हुई। शंका के आधार पर कुएं में तलाश की गई तो युवक का शव कुएं में नज़र आया। माना जा रहा है कि पैर फिसलने के चलते हैं युवक कुंए में गिर गया और डूब गया।

मामला भीलवाड़ा जिले के गंगापुर थाना क्षेत्र का है। यहां रहने वाला दिनेश पिता बंसीलाल ढोली सुबह फ्रेश होने के लिए उँडिया तालाब की ओर गया था। यहां से वापस अपने घर की ओर लौट रहा था। इसी बीच तालाब के पास मांगीलाल जाट के कुएं के निकट दिनेश का पैर फिसल गया और वो कुएं में गिर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दिनेश के घर नहीं लौटने पर परिजन तो उसे तलाशते हुए तालाब की ओर पहुंचे। यहां कुएं के बाहर दिनेश की चप्पल देखकर उन्हें शंका हुई और उन्होंने अन्य ग्रामीणों और पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस और ग्रामीणों की मदद कुएं का पानी खाली करवाया और क्रेन मंगवाकर करीब एक घंटे की मशक़्क्त के बाद दिनेश के शव को कुएं से बाहर निकाला। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया।

# एक करोड़ 16 लाख रुपये का ऑनलाईन सट्टा पकड़ा

## आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा लगा रहे दो गिरफ्तार

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना में देवसिटी जो कि पुराने टोल बूथ के पास स्थित है वहां आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा लगाकर खाईवाली करने वाले दो व्यक्तियों को नीमकाथाना सदर पुलिस एवं डीएसटी टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास एक करोड़ 16 लाख 98 हजार रुपये का हिसाब पाया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार लैपटॉप मय चार्जर 14 मोबाईल, 11 चार्जर, 1 मोडम, एक प्रिन्टर, 10 मोबाईल सिम, दो मैमोरी कार्ड, एक पैन ड्राइव, 2 हिसाब के रजिस्ट्रर, 1 बाल पैन और भारी मात्रा में भुगतान सामग्री बरामद की है। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि आरोपियों के कब्जे से एक पिस्टल, एक मैगजीन, 6 जिन्दा कारतूस, 8 खाली कारतूस पाए गए हैं तथा आरोपियों के कब्जे से दो बोलेरो वाहन व एक मोटरसाईकिल भी जब्त किए गए हैं। यह कार्यवाही देवसिटी में अनिल कुमार शर्मा के मकान पर की गई है। पुलिस ने रोहिताश कुमार और अमित कुमार को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई सब इंस्पेक्टर विक्रम सिंह थाना सदर, सब इंस्पेक्टर सरदार मल डीएसटी एवं उनकी टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई है।

> ■ सदर पुलिस और डीएसटी टीम द्वारा की गई कार्रवाई




नीमकाथाना के देवसिटी में पुलिस एवं डीएसटी टीम ने दो जनों को गिरफ्तार किया।

# दूसरे चरण में ग्रामीण महिलाएं शहरी महिलाओं से मतदान में आगे रहीं

## शहरी पुरुषों ने ग्रामीण पुरुषों से अधिक मतदान किया

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत दूसरे चरण वाले 13 लोकसभा क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं शहरी क्षेत्र की महिलाओं से मतदान करने में आगे रही, वहीं शहरी क्षेत्र के पुरुषों ने ग्रामीण क्षेत्रों के पुरुषों से अधिक मतदान किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि शहरी क्षेत्रों की 63.64 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 64.47 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया। इसी तरह शहरी क्षेत्र में पुरुष मतदाता आगे रहे। शहरी क्षेत्र के पुरुष मतदाताओं ने 67.67 प्रतिशत जबकि ग्रामीण क्षेत्र के पुरुषों ने 65.22 प्रतिशत मतदान किया। शहरी क्षेत्र के 56.33 थर्ड जेंडर मतदाताओं ने जबकि ग्रामीण क्षेत्र में

- **शहरी क्षेत्रों में 65.69 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 64.86 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मतदान**

40 थर्ड जेंडर मतदाता ने मतदान किया है।

गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के कुल 64.86 मतदाताओं ने मतदान किया जबकि शहरी क्षेत्र के कुल 65.69 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। जालौर लोकसभा क्षेत्र से सर्वाधिक 73.55 शहरी मतदाताओं ने मतदान किया। बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र से सर्वाधिक 76.58 ग्रामीण मतदाताओं ने मतदान किया। बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र से 74.58 ग्रामीण मतदाता होने मतदान किया।

प्रथम चरण में शहरी क्षेत्र में सर्वाधिक 65.57 प्रतिशत मतदान गंगानगर और सबसे कम 52.18 प्रतिशत मतदान भरतपुर लोकसभा क्षेत्र में रहा था। ग्रामीण क्षेत्र में सर्वाधिक 66.95 प्रतिशत मतदान गंगानगर और सबसे कम 48.85 प्रतिशत मतदान करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र में रहा था।

## 61 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरूषों से अधिक

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत पंजीकृत कुल 2,56,27,971 महिला मतदाताओं में से 1,55,61,285 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। प्रदेश के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों में 60.72 प्रतिशत महिलाओं मतदान किया है। 8 लोकसभा क्षेत्रों, चूरू, झुंझनूं, सीकर, पाली, जालोर, उदयपुर, बांसवाड़ा और राजसमंद, में महिलाओं ने पुरूषों के मुकाबले अधिक मतदान किया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के 200 विधानसभा क्षेत्रों में से 61 में महिला मतदाताओं ने पुरूषों से अधिक

- **महिलाओं और पुरूषों के मतदान में 10.74 प्रतिशत तक का अंतर**
- **महिलाओं ने घाटोल विधानसभा क्षेत्र में किया सर्वाधिक 82.68 फीसदी मतदान**

मतदान किया है। इन क्षेत्रों में महिला और पुरूष मतदाताओं द्वारा किए गए मतदान में 0.06 प्रतिशत से 10.74 प्रतिशत तक का अंतर है। राजसमंद लोकसभा क्षेत्र में आने वाली भीम विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 10.74 फीसदी का अंतर है।

गुप्ता ने बताया कि महिलाओं द्वारा बासंवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 75.75 फीसदी मतदान किया गया है। वहीं, विधानसभा क्षेत्रवार देखें तो घाटोल विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 82.68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। साथ ही, महिला मतदाताओं द्वारा बायतू में 82.12 प्रतिशत, शिव में 79.43 प्रतिशत, गढ़ी में 78.53 प्रतिशत और जैसलमेर में 78.21 प्रतिशत मतदान किया गया है।

## 68.63 फीसदी दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान

**जयपुर**, (का.सं.)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के दूसरे चरण के 13 लोकसभा क्षेत्र में 72.94 फीसदी दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया है। प्रदेश में 25 लोकसभा क्षेत्रों में 68.63 फीसदी दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि बांसवाड़ा में सर्वाधिक 84.93 फीसदी जबकि भरतपुर में सबसे कम 44.37 फीसदी दिव्यांगजन ने मतदान किया है।

गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण के 12 लोकसभा क्षेत्रों में 62 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया। पहले चरण में झुंझुनूं में सबसे ज्यादा 71.97, चूरू में 69.67, गंगानगर 68.64, नागौर 67.82 फीसदी

- **दूसरे चरण के 13 लोकसभा क्षेत्र में 72.94 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान**
- **प्रदेश में प्रथम चरण के लोकसभा चुनाव में 62 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान**

दिव्यांगजनों ने मतदान किया। भरतपुर में सबसे कम 44.37 फीसदी दिव्यांगजनों ने मतदान किया।

# पक्षियों के लिए घर-घर परिण्डा व घरौदा अभियान शुरू




**हेल्प एण्ड सर्व ट्रस्ट द्वारा शिव बालाजी धाम मन्दिर, दिल्ली बाईपास रोड पर पक्षियों के लिए परिण्डे व घरौदे वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।**

**जयपुर**, (का.सं.)। हेल्प एण्ड सर्व ट्रस्ट द्वारा शिव बालाजी धाम मन्दिर, दिल्ली बाईपास रोड़ पर पक्षियों के लिए परिण्डे व घरौदे वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। ट्रस्ट संरक्षक पूर्व पार्षद एवं चैयरमेन अजय यादव व निदेशक नीरज चतुर्वेदी ने बताया कि गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए 100 परिण्डे व 30 घरौदें लगाए और 500 परिण्डे व 150 घरौदे वितरित किये गए। अभियान के दौरान हजारों की संख्या में परिण्डे व घरौदे वितरित किए जाएगे। शुभारम्भ कार्यक्रम में आदर्श नगर विधायक प्रत्याशी रवि नैय्यर पूर्व विधायक सुरेन्द्र पारीक ट्रस्ट संरक्षक गोविन्द नारायण जाँगिड़ राजकुमार चतुर्वेदी कौशल गुप्ता कार्यक्रम संयोजक हरजिन्दर सिंह (पप्पू सरदार) ट्रस्ट पदाधिकारी नन्द लाल शर्मा किशन जागिड़, माया तंवर लखन साहू हेमा थापा अक्षय यादव महेंद्र जाँगिड संजय शर्मा रवि जांगिड़ मनीष बिवाल पिंकू शर्मा संपत बिसला व ट्रस्ट सदस्य तथा अन्य विभिन्न स्थानीय समिति के लोग मौजूद रहे।

# सर्व ब्राह्मण वैवाहिक परिचय सम्मेलन अगस्त में : पाठक

**जयपुर**, (का.सं.)। सर्व ब्राह्मण युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन 4 अगस्त को जयपुर के विद्याधर नगर स्थित उत्सव में किया जाएगा। इसका निर्णय रविवार को ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में किया गया। इस बैठक में ब्राह्मण समाज राजस्थान की कोर कमेटी के साथ ही प्रदेश पदाधिकारी भी शामिल हुए।

इसकी जानकारी देते हुए पाठक ने कहा कि बैठक में कई विषयों पर चर्चा के बाद आगामी 4 अगस्त को सर्व ब्राह्मण युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन के आयोजन का निर्णय किया गया है। इसके साथ ही आगामी 10 मई को भगवान परशुराम जयंती समाज के प्रधान

- **ब्राह्मण समाज राजस्थान की बैठक में किया निर्णय**
- **आगामी 10 मई को भगवान परशुराम जयंती समाज के प्रधान कार्यालय पर सैंकड़ो विप्र बंधुओ के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी**

कार्यालय पर सैंकड़ो विप्र बंधुओ के साथ के बीच धूमधाम से मनाई जाएगी।

इस मौके पर समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले 21 पदाधिकरियों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेशभर के विप्र समाज के लोग और पदाधिकारी शामिल होंगे।

प्रदेशाध्यक्ष पाठक ने बताया कि वैवाहिक परिचय सम्मेलन के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है और जल्द ही इसके लिए राज्यभर में रजिस्ट्रेशन का काम शुरू कर दिया जाएगा। इस परिचय सम्मेलन के बाद सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन पर भी विचार किया जाएगा। बैठक में सम्मेलन की संयोजक डॉ. शारदा शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, सह संयोजक एडवोकेट सुषमा पारीक विधि मंत्री सहसंयोज किरण पुरोहित को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही तीनों पदाधिकारियों को सम्मेलन के लिए अलग अलग टीम बनाकर कार्य का वितरण करने के निर्देश दिए गए।

# बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला के गले से सोने की चेन तोड़ी

**जयपुर**। वैशाली नगर इलाके में सकूटी सवार महिला के गले पर झपट्टा मार कर बाइक सवार दो बदमाश सोने की चेन तोड़कर ले गए। इस अप्रत्याशित घटना के दौरान महिला का संतुलन बिगड़ गया था, इससे महिला गिरते-गिरते बच गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल शुरू कर दिया है।

पुलिस के अनुसार विद्युत नगर निवासी 67 वर्षीय सावित्री देवी ने मामला दर्ज करवाया कि वह स्कूटी से बाजार जा रही थी इसी दौरान गिरनार कॉलोनी में पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए। उसने बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश तेज गति से बाइक चला कर गलियों में ओझल हो गए। वहीं शास्त्रीनगर इलाके में बाइक सवार दो बदमाश एक युवती के हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गए। पुलिस के अनुसार लोक नायक व्यास कॉलोनी निवासी पूजागोस्वामी ने मामला दर्ज करवाया कि वह प्राइवेट जॉब करती है। वह पैदल ही अपने घर जा रही थी। रॉयल प्लाजा के सामने पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ पर झपट्‌टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गए। इसके अलावा श्यामनगर थाना इलाके में शेखावत मार्ग निवासी बीना मिश्रा बाजार से घर जा रही थी इसी दौरान देवी नगर में बाइक सवार उसके हाथ से मोबाइल छीन कर ले गए।

# 11 जगह गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**जयपुर**, (का.सं.)। वेदना निवारण केंद्र मानसरोवर की ओर से रविवार को गृह गृह गायत्री उपासना अभियान के अंतर्गत मानसरोवर के सेक्टर 72, 73 और 74 के 11 स्थानों पर गायत्री महायज्ञ किया गया। इससे पूर्व प्रभातफेरी निकाली गई। गायत्री परिजन और स्वर्ण पथ के 11 के निवासियों ने प्रभातफेरी में शांतिकुंज के प्रज्ञा गीतों और नारों से कॉलोनी को गुंजायमान कर दिया।

व्यसन मुक्ति रैली के माध्यम से समाज को व्यसनमुक्ति के प्रति भी जागरूकता किया गया। इसके बाद 11 अलग-अलग स्थान पर हुए यज्ञ में विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुति अर्पित की गई।



**जयपुर के मानसरोवर स्थित अहिल्या गार्डन में रविवार को पक्षियों के लिए परिण्डे बांधकर उनमें दाना-पानी रखा गया, ताकि भीषण गर्मी के इस मौसम में परिन्दों की जान बचाई जा सके। कार्यक्रम में ऋतु अग्रवाल तथा स्थानीय पार्षद व ग्रेटर नगर निगम की फायर समिति के चेयरमैन पारस जैन और सैकड़ों स्थानीय लोग मौजूद रहे।**

# लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही युवती ने शादी का दबाव बनाया तो प्रेमी ने पिस्टल तानी

**जयपुर**। लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही युवती ने जब अपने पार्टनर पर शादी के लिए दबाव बनाया तो उसने पिस्टल तान दी। उसे जान से मारने की धमकी दी। वारदात के समय सभी शराब के नशे में थे। पीड़िता किसी तरह जान बचाकर मौके से भागी और पुलिस को आपबीती सुनाई। युवती को डर था कि उसका पार्टनर दिल्ली के चर्चित श्रद्धा मर्डर केस जैसा हश्र नहीं कर दे। पीड़िता की शिकायत पर जयपुर के महेश नगर थाना पुलिस ने आरोपी के किराए के मकान पर दबिश दी। आरोपी के दोस्त व उसकी पार्टनर के पास से अवैध पिस्टल, 7 कारतूस और मैगजीन बरामद की है। दोनों को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित युवती पिछले करीब 7 साल से अकरम के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में थी। अकरम पहले से शादीशुदा है। इसकी जानकारी युवती को भी थी। महेश नगर पुलिस ने बताया कि दो दिन पहले 26 अप्रैल की रात युवती और अकरम अपने दोस्त आदिल खान के किराए के घर पर ही थे। इस दौरान सभी ने जमकर शराब पी थी। शराब के नशे में युवती ने अकरम पर शादी करने का दबाव बनाया, जिसको लेकर इनमें झगड़ा हुआ।

पुलिस के अनुसार, अकरम युवती से शादी नहीं करना चाहता था। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। शराब के नशे में अकरम और उसके दोस्त आदिल ने युवती को जमकर पीटा और उत्पात मचाया। इस दौरान कमरे में रखा टीवी टूट गया। आरोपियों ने युवती का मोबाइल तोड़ दिया। आदिल ने युवती के साथ मारपीट की और उसके कपड़े फाड़ दिए। हंगामा बढ़ने पर अकरम ने अपनी पिस्टल निकाली और युवती पर तान दी। अकरम ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इससे युवती घबरा गई और भागकर पुलिस के पास पहुंची।

पुलिस के अनुसार, अकरम और आदिल, दोनों अलग-अलग लड़कियों के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। अकरम शादीशुदा होने के बावजूद पीड़ित युवती के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में ही रहना चाहता था। जबकि युवती शादी करना चाहती थी। पुलिस पीड़िता से लव जिहाद वाले एंगल में भी पूछताछ कर रही है कि कहीं किसी

- **आरोपी ने युवती को जान से मारने की धमकी दी, पुलिस ने दबिश देकर हथियार समेत दबोचा**

तरह का दबाव तो नहीं बनाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि आदिल और सिमरन सिंह राजपूत भी उसी फ्लैट में लिव-इन में रह रहे थे। हालांकि सिमरन ने स्वीकार किया है कि वह अपनी मर्जी से उसके साथ है। उस पर किसी का दबाव नहीं है।

पुलिस ने बताया कि पीड़िता को पहले से इस बात की जानकारी थी कि अकरम शादीशुदा है। शराब के नशे में दोनों के बीच झगड़ा बढ़ गया। इस दौरान अकरम ने उसे डराने-धमकाने के लिए पिस्टल तानी थी। अकरम नहीं चाहता था कि आस-पडौस के लोगों को इस घटना के बारे में पता चले। इस बीच युवती घबरा गई और फ्लैट से भागकर थाने पहुंच आ गई। इसके बाद उसका पार्टनर अकरम भी रात में ही फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

शिकायत के बाद पुलिस ने नंदपुरी इलाके में शर्मा कॉलोनी में दबिश दी। वहां पुलिस ने आदिल खान (32) और सिमरन को गिरफ्तार कर लिया। आदिल बिहार के नालंदा जिले का रहने वाला है। पिता सरकारी ठेकेदार हैं और एक भाई विदेश में रहता है। आदिल के चाचा नारकोटिक्स विभाग, कोटा में काम करते हैं। आदिल के पास मिली कार एजाज के नाम पर रजिस्टर थी। जांच में सामने आया कि आदिल ने करीब 28 लाख की एक कार अपनी जानकार डिंपल खान को खरीद कर दे रखी है। वहीं, बिहार की रहने वाली सिमरन सिंह राजपूत ने दिल्ली से होटल मैनेजमेंट में एमबीए कर रखा है। वह पिछले सात साल से आदिल के साथ रह रही है।

आदिल और अकरम के खिलाफ कई मामले दर्ज आदिल रियल एस्टेट का काम करता है। उस पर बिहार में मारपीट और एक्सटॉर्शन के कई मामले दर्ज हैं। उनके पास से पिस्टल और 7 कारतूस मिले थे। इनमें से पांच कारतूस मैगजीन से बरामद हुए। मैगजीन आदिल की गर्लफ्रेंड सिमरन सिंह राजपूत के पर्स से बरामद हुई। वहीं, कारतूस आरोपी की कार में मिले। अकरम आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित है। उस पर सदर पुलिस थाने में केस दर्ज है। पुलिस अब हथियार सप्लाई को लेकर अकरम और आदिल की भूमिका की जांच में जुटी है। जांच में सामने आया कि आदिल के दोस्त फरमान ने करीब डेढ़ महीने पहले एक रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ की थी, जिसका भुगतान आदिल ने किया था।

## करधनी-वी.के.आई. में तेज रफ्तार कार की टक्कर दो युवकों की मौत

**जयपुर**। करधनी इलाके में रात करीब आठ बजे कालवाड रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे का उपचार जारी है। हिट एण्ड रन के मामले में पुलिस कार चालक की पहचान के लिए घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस के अनुसार यूपी निवासी 25 वर्षीय विशाल पुत्र कैलाश अपने एक साथी के साथ बाजार से घर लौट रहा था। रात करीब आठ बजे कालवाड़ रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर विशाल की मौत हो गई। मृतक रंग-पेंट और पट्टी का काम करता था।

इसी तरह विश्वकर्मा इलाके के शनिवार को एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार उत्तर-पश्चिम रेलवे के ग्रुप डी फर्स्ट ग्रेड में टेक्नीशियन की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शनिवार को दोपहर करीब तीन बजे बढारना पुलिया सर्विस लाइन के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया।

हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। मृतक की पहचान 40 वर्षीय रामगोपाल पुत्र सोहन लाल निवासी भीवपुरा आमेर के रुप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि हिट एण्ड रन मामले में कार चालक को पकड़ने का प्रयास जारी है। इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। फिलहाल कार का पता नहीं चल पाया है। हादसे के बाद बाइक को क्रेन की मदद से थाने पर खड़ा करवा दिया है। मृतक रेलवे ग्रुप डी फर्स्ट ग्रेड में टेक्नीशियन है और जयपुर शहर में पोस्टेड है।

# गौरव सिंह को लेकर पुलिस एस.एम.एस. अस्पताल पहुंची

## अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एन.ओ.जी. जारी करने का मामला।

**जयपुर**। अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओजी जारी करने के मामले में गिरफ्तार सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह को रविवार को एसएमएस अस्पताल ले जाकर मौका तस्दीक करवाई गई।

मामले में जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह, फोर्टिस हॉस्पिटल के कॉ-ऑडिनेटर विनोद और गिरिराज को शनिवार को कोर्ट में पेश किया था, जहां से उन्हें पूछताछ के लिए तीन दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया गया। इन आरोपियों को जवाहर सर्किल पुलिस ने शुक्रवार को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया था।

मामले में रिमांड पर चल रहे आरोपी सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह को लेकर पुलिस सवाई मानसिंह अस्पताल मौका तस्दीक कराने पहुंची। अस्पताल में पुलिस ने ऑर्गन ट्रांसप्लांट रिकॉर्ड रूम सहित उन सभी जगहों की तस्दीक की जहां गौरव काम करने के दौरान रहता था। पुलिस नक्शा बनाकर आरोपी से इन सभी जगहों की तस्दीक की। उधर पुलिस मामले में तीनों आरोपियों से अलग-अलग और आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करने में जुटी है। इससे पहले गुरुग्राम से लाए गए अंग डोनर और रिसीवर से पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारी सामने आई है। फिलहाल इस जानकारी की तस्दीक की जा रही है। आगामी समय में प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किए आरोपियों से पूछताछ के बाद कई डॉक्टरों पर भी कार्रवाई की जा सकती है।

- **अस्पताल में पुलिस ने ऑर्गन ट्रांसप्लांट रिकॉर्ड रूम सहित उन सभी जगहों की तस्दीक की जहां गौरव काम करने के दौरान रहता था।**
- **प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह, फोर्टिस हॉस्पिटल के कॉ-ऑडिनेटर विनोद और गिरिराज तीन दिन के रिमांड पर**

गौरतलब है कि जयपुर पुलिस ने गुरूग्राम से प्रोडक्शन वारंट पर चार आरोपी नुरुल इस्लाम, मेहंदी हसन, मोहम्मद अहसानुल और मोहम्मद आज़ाद हुसैन को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उनसे मामले में लिप्त निजी अस्पतालों, डॉक्टर्स और दलालों के बारे पूछताछ की थी।

## सुधांशु कासलीवाल का इंदौर में सम्मान

**जयपुर**। महावीर जयंती पर दिगम्बर जैन महासमिति के बैनर तले इंदौर में अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर देश के कई स्थानों से आए जन प्रतिनिधियों का सम्मान किया। इस दौरान दिगंबर जैन महासमिति के महामंत्री सुरेन्द्र जैन पांडया और श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल को भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने महासमिति के अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया।

# तीर्थयात्रियों का दल कुंडलपुर यात्रा पर रवाना



**जयपुर**, (का.सं.)। जैन बैंकर्स फोरम जयपुर एवं धर्म जागृति संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में तीर्थयात्रियों का दल जिसमें इस वर्ष पदम बिलाला, कमलेश जैन, सोभागमल अजमेरा, महेश काला, सुनील जैन, प्रकाश जैन, पंकज लुहाड़िया, जितेंद्र जैन, बीना जैन, निकिता जैन, दीपिका जैन, सोनिया जैन सम्मिलित है, कुंडलपुर तीर्थ क्षेत्र की यात्रा पर रवाना हुआ। यह ग्रुप पिछले कई वर्षो से नियमित रूप से स्व कल्याण एवं विश्व शांति की भावना से कुंडल की वंदना करता आ रहा है। जैन बैंकर्स फोरम की ओर से भागचंद जैन मित्रपुरा एवं राजेंद्र पापड़ीवाल ने सभी यात्रियों का माल्यार्पण कर दुर्गापुरा स्टेशन से मंगलकारी यात्रा के लिए विदाई दी।

## सार-समाचार

### वंदना और अमीषा ने किये केश दान




**बांसवाड़ा, (निसं)।** एंजेल फाउंडेशन की वंदना पाटीदार व अमीषा पाटीदार निवासी भीलूड़ा ने केश दान किये। संस्था की महिला कार्यकर्ताओं ने बताया कि कैंसर पीड़ित महिलाओं के लिये इनसे विग तैयार की जाती है। एंजेल फाउंडेशन परिवार से चीनू कलाल व ऋतिक भाटिया ने बताया कि फाउंडेशन रक्तदान, असहाय, बेसराहा, मंद्बुद्धि एवं अन्य रोग से पीड़ित मरीजों की सहायता के लिये प्रयास करता है तथा उनकी समस्याओं के निवारण के लिये अन्यों को भी प्रेरित कर उनका हौंसला बढ़ाने के साथ ही जनहित के कार्य भी करता है।

### आचार्यश्री का मंगल प्रवेश आज

**डूंगरपुर, (निसं)।** आचार्य श्री मृदुरत्न सागर आदी ठाना का सोमवार प्रात: डूंगरपुर में मंगल प्रवेश होगा। श्री जैन श्वेतांबर विशा पोरवाड संघ के अध्यक्ष गजेन्द्र जैन ने बताया कि, आचार्य श्री मोटागांव में प्रतिष्ठा महोत्सव के पश्चात वागड़ के विभिन्न गांवों से होते हुये सोमवार प्रातः डूंगरपुर पहुचेंगे जिनका महाविद्यालय शास्त्री कोलोनी मार्ग से गाजे बाजे के साथ ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर लाया जायेगा जहां जिन दर्शन के बाद व्याख्यान होगा साथ ही तपस्वी मुनि मोक्षरत्न सागरजी के 108वी ओली के पारना करवाया जायेगा, उस दौरान बोली बोलकर लाभ दिया जायेगा।

### महात्मा रामलाल ने की देहदान की घोषणा




**बांसवाड़ा, (निसं)।** संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से सद्गुरु माता सुदीक्षा की प्रेरणा से सन्त निरंकारी सत्संग भवन साकरिया में आयोजित रक्तदान शिविर में 41 यूनिट रक्तदान किया गया। निरंकारी मिशन के महात्मा रामलाल ताजेंग बुनकर निवासी पाराहेडा ने देहदान की घोषणा करते हुए रक्तदान किया। संयोजक संत अशोक कुमार सुथार ने बताया कि रक्तदान करने वालों में चैरिटेबल फाउंडेशन व सेवादल के सदस्य, संगत के भक्त व श्रद्धालु शामिल रहे। बांसवाड़ा मुखी नवीन त्रिवेदी ने बताया कि शिविर में एमजी चिकित्सालय से नरेन्द्र बघेल, मोहन त्रिवेदी व टीम ने रक्त संग्रहण में सहयोग प्रदान किया।

# मालीवाड़ा व गेपसागर की पाल पर पेयजल लाइनों में लिकेज

**डूंगरपुर, (निसं)।** शहर के वार्ड 8 मालीवाड़ा क्षेत्र में सीवरेज की खुदाई के दौरान हुए लिकेज तथा गेपसागर की पाल पर निजी पाइप लाइनों में लिकेज के कारण हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है, पार्षद ब्रिजेश कुमार सोमपुरा ने बताया कि, मालीवाड़ा में सीवरेज के दौरान जगह-जगह लिकेज हो गए हैं। इससे सप्लाई के दौरान आमजन को पानी नहीं मिल पा रहा है।

पिछले 2 महिने से जलदाय विभाग और आरयूआईडीपी के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया, लेकिन अधिकारी एक-दूसरे का काम बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड रहे हैं।

■ **पेयजल हो रहा बर्बाद, आमजन परेशान**

लिकेज के कारण लोगों को मिलने वाला हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है और क्षेत्रवासी पेयजल की समस्या से परेशान हैं। क्षेत्र में हैण्डपम्प भी खराब हैं लेकिन जलदाय विभाग इस ओर भी कोई ध्यान नहीं दे रहा। इसी तरह गेपसागर की पाल पर भी पेयजल आपूर्ति के दौरान उस क्षेत्र के दुकानदारों तथा सीटी पोस्ट ऑफिस को जा रही पाइप लाइन में जगह-जगह लिकेज के साथ- साथ पानी की टंकियों के ओवरफ्लो होने से हजारों लीटर पानी मुख्य सडक पर आकर व्यर्थ वह रहा है इसके साथ वहां से गुजरने वाले राहगीर फिसलन का शिकार बन दुर्घटना ग्रस्त बन रहे हैं। वहीं शहर में बढती पेयजल की समस्या को लेकर शहरवासीयों में बहुत आक्रोश है।



**गेपसागर की पाल पर पाइप-लाइन में लिकेज होने से मुख्य सड़क पर पानी व्यर्थ बह रहा है।**

## विधायक का स्वागत किया

**राजसमंद, (निसं)।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के जन्म दिवस पर भारतीय मजदूर संघ ने राजसमंद में और किरण माहेश्वरी स्मृति मंच में उदयपुर में अभिनंदन एवं स्वागत समारोह आयोजित किए। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे राजनीति के माध्यम से समाज में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने और लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए प्रयास कर रही है।

स्व. किरण माहेश्वरी के जीवन आदर्शो पर चलते हुए सामाजिक जागृति और जन सेवा ही उनका उद्देश्य है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के पडोसी देशों में हिंदुओं एवं अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ घोर अत्याचार किया जा रहा है। वहां पर उनकी बहू बेटियों के साथ दुष्कर्म सामान्य हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने हिंदुओं एवं अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों को उत्पीडन से बचाने एवं उनकी रक्षा के लिए नागरिकता अधिनियम में संशोधन किया है। किंतु कांग्रेस एवं इसके सहयोगी इस अधिनियम का विरोध कर रहे हैं। विधायकने कहा कि कांग्रेस एवं इसके सहयोगी धर्मांतरण को बढ़ावा देने और तुष्टिकरण के लिए ही नागरिकता संशोधन का विरोध कर रहे हैं। यह पार्टियाँ नहीं चाहती है कि पडोसी देशों में अत्याचार सहने वाले हिंदुओं को भारत में शरण मिले।

## सार-समाचार

### चूल्हा वितरण शिविर आयोजित



**भीम, (निसं)।** उपखंड की पीपलीनगर ग्राम पंचायत के बीड़ा गांव में समाजसेवी सरवनसिंह रावत के अर्थक प्रयासों से अल्फाबेट ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड मुंबई के तत्वधान में 3 दिवसीय निशुल्क चूल्हा वितरण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत क्षेत्र की 2000 महिलाओं निशुल्क चूल्हे वितरित किए। महिलाओं को चूल्हा मिलने पर चेहरे खिल उठे ।इस मौके पर सरपंच डॉक्टर सुरेश भाई भाट ठाकुर लक्ष्मणसिंह मनोहरसिंह कल्याण सिंह दौलत सिंह परकाश सिंह धन्नासिंह रमेश सिंह मूल सिंह मोहन सिंह लक्ष्मण सिंह तारु सिंह वार्ड पंच ममता हेमंत सिंह ललिता देवी वनी देवी भूपेंद्र सालवी शहीद गांव की सैकड़ो महिला रही मौजूद थे।

### खुशबू को विद्या वाचस्पति की उपाधि



**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के आसपुर के तालोरा गांव की खुशबू भट्ट ने पण्ड्योपाहवस्य श्री भगवतीप्रसादस्य पद्यरचनानाम् संकलनम् सम्पादनम् समीक्षणम् चष् विषय पर गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद से प्रो कमलेश कुमार चौकसी के मार्गदर्शन में विद्या वाचस्पति को पूर्ण किया। भट्ट को प्रोत्साहन श्री भोगीलाल पंड्या महाविद्यालय डूंगरपुर के भूतपूर्व प्रो बाबूलाल मीणा संस्कृत विभागाध्यक्ष से प्राप्त होता रहा।

### चादर पेश कर दुआएं मांगी

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय के राजनगर स्थित विश्व प्रख्यात हजरत मामू भाणेज बादशाह र.अ के 377वां उर्स मुबारक के पुरनूर मौके पर मुस्लिम महासभा की राष्ट्रीय प्रमुख फरहीन यूनुस शैख, राष्ट्रीय अध्यक्ष ईमरान खान गाजियाबाद एवं राष्ट्रीय सह सचिव जाफर खान फौजदार की अनुसंशा पर चादर पेश की गई। इस दौरान ईस्माइल खान पठान उदयपुर, सय्यद इम्तियाज अली, इल्फांन मास्टर, बाबू खान, सलमा खान, अंजुम खान, सदाकत हुसैन, सय्यद चाँद अली, सरफराज खान पठान सहित पदाधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर बाबा को फातिहा ख्वानी कर मुल्क में अमन चैन के वास्ते दुआएं मांगी गई।

### भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापना एक को

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती राज्यवास गांव में एक मई को बुद्ध प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। पूर्व विधायक बंशीलाल गहलोत ने बताया कि राज्यावास गांव स्थित शनिचर महादेव फार्म हाउस परिसर में एक मई सुबह नो बजे सफेद संगरमर पत्थर से निर्मित भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

## बालिका गृह में नृत्य कला में पारंगत हो हैं रही बालिकाएं

**बांसवाड़ा, (निसं)।** आश्रय सेवा संस्थान द्वारा संचालित मां उमा निराश्रित बालिका गृह में छात्राएं नृत्य कला में पारंगत हो रही हैं।

ख्यात गायिका एवं अभिनव शिक्षा समिति की सचिव मालिनी काले इन छात्राओं को नृत्य कला की बारिकियों का प्रशिक्षण दे रही हैं। बालिकाएं कत्थक नृत्य के साथ ही संगीत के साथ नमस्कार एवं स्वागत की मुद्राओं में पारंगत हो रही है।

ये छात्राएं पारंगत होने के बाद विभिन्न देवस्थलों पर अपने नृत्य की प्रस्तुतियां देंगी। पार्षद चंदा सीता डामोर एवं प्राची भी छात्राओं का उत्साहवर्धन कर रही है। इसी तरह शिक्षक विजयप्रकाश जैन बालिकाओं को सामान्य ज्ञान एवं विभिन्न विषयों का अध्ययन करवा रहे हैं। संस्थान सचिव नरोत्तम पंड्या ने बताया कि ग्रीष्मावकाश में छात्राओं को विभिन्न प्रशिक्षण दिये जाते हैं ताकि आगे चलकर वे आत्मनिर्भर बन सके। इस अवसर पर आश्रम कार्मिक विजेता पंचाल के पुत्र का जन्मदिन भी मनाया गया। सराहनीय सेवाओं के लिये विजेता का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर संस्थान के नारायण चरपोटा, अनिता यादव, कला चरपोटा आदि ने विशेषज्ञों का स्वागत किया।

## तेज गर्मी से लोग परेशान, मौसम में हो रहा बदलाव

**राजसमंद, (निसं)।** जिले में गर्मी का असर लगातार बढता ही जा रहा हैं। गर्मी का असर बढने से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड रही हैं। वहीं बदलते मौसम ने शहरवासियों को परेशान कर रखा है। रविवार को जिले सहित आस पास क्षेत्र में अलसुबह से ही तेज धुप के साथ आसमान में बादलों के आवाजाही का दौर जारी रहा।

जिससे लोगो को गर्मी का अहसास ज्सादा होने लगा। बढ़ती गर्मी के कारण दोपहर से सांय तक बाजार में सन्नटा देखने को मिला। शहरवासी तेज गर्मी के कारण जरूरी काम से ही बाहर निकलते दिखाई दिए। तो वहीं हवा के गर्म लपटो ने वाहन चालको के हाल बेहाल कर दिए। इस बढती तेज गर्मी के कारण लोगो को घरो एवं दुकानों पर कुलर, एसी व पंखों को सहारा लेना पड रहा है। साथ ही इस बदलते मौसम के कारण जिले में मौसमी बिमारीयां अत्यधिक बढती जा रही है जिसमें मुख्यरूप से खाँसी, जुखाम, बुखार सहित अन्य बिमारियों की चपेट में आ रहे हैं। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की बढोत्तरी के साथ 38 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की बढोत्तरी के साथ 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# 108 तुलसी सालिग्राम विवाह आज, निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर के श्रीजी रिसोर्ट में सोमवार को 108 तूलसी सालिग्राम विवाह का आयोजन होगा। इससे पहले भीण्डेश्वर महादेव मन्दिर से भव्य शोभायात्रा के रूप में नगर के विभिन्न मार्गो से बारात निकलेगी और दोपहर तीन बजे तोरण होगा। गोभक्त संत राधेश्याम सुखवाल के सानिध्य में 24 अप्रेल से तुलसी सालिग्राम विवाह कार्यक्रम और तुलसी सालिग्राम उत्पति कथा का आयोजन हो रहा है।

आयोजन समिति ने बताया कि भीण्डर के 108 परिवारों द्वारा तूलसी सालिग्राम विवाह करवाया जा रहा है। जिसमें 24 अप्रेल को भीण्डेश्वर महादेव से कलश यात्रा निकाल करके श्रीजी रिसोर्ट पहुंचे थे। यहां पर लग्न लेखन और तूलसी सालिग्राम उत्पति कथा शुरू हुई।

प्रतिदिन दोपहर तीन से 6 बजे तक कथा और विविध आयोजन हुए। जिसमें गणपति स्थापना, चाक, सालिग्राम जी अभिषेक, शक्तिपीठ उत्पति कथा, पितृ पूजन, भेरूजी पूजन, पार्वती जन्म, हल्दी, मेहंदी, राखी, बत्तीसी निमंत्रण, शिव विवाह कथा, मायरा आदि का आयोजन हुआ।

सोमवार सुबह भीण्डेश्वर महादेव मन्दिर से सालिग्राम जी की बारात प्रस्थान करेंगी। बारात सूरजपोल, नृसिंह भगवान मन्दिर, साठडिया बाजार, गिरिवलपोल होते हुए श्रीजी रिसोर्ट पहुंचेगी। यहां पर तोरण रस्म अदा की जायेगी, इसके बाद दोपहर तीन बजे से तूलसी विवाह आयोजित किया जायेगा। जिसमें भीण्डर सहित आसपास क्षेत्र से सैकडों भक्तगण उपस्थित रहेंगे।



**भीण्डर में तुलसी सालिग्राम विवाह कार्यक्रम में भक्त भजनों पर झूमे।**

## पंच कुंडीय विष्णु यज्ञ 10 मई से शुरू

**बांसवाड़ा, (निसं)।** विप्र फाउंडेशन की ओर से आगामी 10 मई भगवान परशुराम जयंती से 12 मई आद्य शंकराचार्य जयंती तक परशुराम धाम लीमथान में पंच कुंडीय तीन दिवसीय विष्णु यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। विफा परशुराम सेवा संस्थान के संयोजक महेश जोशी नवागांव ने बताया कि आचार्य निकुंज मोहन पंड्या के आचार्यत्व में सतीश राज त्रिवेदी, पुनीत त्रिवेदी सहित 11 पंडितो के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

महेश जोशी नवागांव ने बताया कि जिलाध्यक्ष योगेश जोशी ने अनुष्ठानों की सफलता के लिये नवनीत त्रिवेदी, राजेंद्र प्रसाद जोशी, सुभाष पंड्या, हरेंद्र ठाकुर, नवीन त्रिवेदी, विनोद त्रिवेदी, राकेश कलाल, दिनेश पुरोहित, विनोद पानेरी, मनोज जोशी, अभिषेक जोशी की टीम गठित की है।

सह संयोजक राजेंद्र प्रसाद जोशी ने बताया कि तीनो दिन क्षेत्रीय भजन मंडली रात्रि 8 बजे से भजनों की प्रस्तुति देंगी।

# बांसवाड़ा व अजमेर जिले में प्रशासन ने बाल विवाह रुकवाया

**बांसवाड़ा/अजमेर, (निसं)।** चाइल्ड हेल्पलाइन टीम की सूचना पर प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए बाल विवाह रुकवाया। चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला समन्वयक मनीष खदाव ने बताया कि कॉल सेंटर जयपुर से अज्ञात कॉलर द्वारा सूचना दी गई कि अरथूना ब्लॉक के हड़मतिया गांव में 15 वर्षीय बालिका का विवाह होने वाला है। जिस पर जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर अरथूना तहसील के क्षेत्र से प्राप्त बाल विवाह की सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन ने अरथुना तहसीलदार नरेंद्र चौधरी, आईसीडीएस विशाल व सीडीपीओ हेमेंद्र को सूचना दी।

■ **चाइल्ड हेल्पलाइन टीम की सूचना पर प्रशासन ने कार्यवाही की**

चाइल्ड हेल्पलाइन की सूचना पर प्रशासन ने पटवारी रजनी पटेल, आईसीडीएस सुपरवाइजर इंद्रबाला, वार्डपंच अर्जुन सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विमला राणा, पुलिस थाना अरथूना हेड कांस्टेबल नरेंद्र भाटी व स्टाफ की टीम मौके पर भेजी। टीम ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से बातचीत की व लड़की के उम्र संबंधित दस्तावेज मांगे। दस्तावेज में लड़की की जन्मतिथि 1 जनवरी 2009 के अनुसार उम्र 15 साल 4 माह पायी गयी जो की नाबालिग की श्रेणी में आती है। लड़की की बारात भी आ चुकी थी। इस पर लड़के के भी उम्र संबंधित दस्तावेजों की जांच की गयी जिस पर लड़के की जन्मतिथि 25 मई 2002 के अनुसार लड़का बालिग पाया गया। टीम ने मौका पर्चा रिपोर्ट बनाकर लड़की के परिजनों से हस्ताक्षर करवाते हुए उन्हें पाबंद किया कि जब तक लड़की की आयु 18 वर्ष पूर्ण नहीं हो जाती तब तक विवाह नहीं करें।

चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला समन्वयक मनीष खदाव ने बताया कि लड़की की आयु 18 वर्ष से कम और लड़के की आयु 21 वर्ष से कम के बच्चों का अगर विवाह हो रहा है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है जो कानूनन अपराध है ऐसे विवाह की सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर दें। उन्होंने बताया कि कॉल करने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी। कार्यवाही में चाइल्ड हेल्पलाइन के कलावती, कामिनी भारद्वाज, पूजा चौबीसा व राहुल बुनकर ने सहयोग प्रदान किया।

वहीं अजमेर के मांगलियावास थाना क्षेत्र के गांव रूदलाई में पुलिस व जिला प्रशासन ने नाबालिग के बाल विवाह को रूकवाया और माता-पिता को मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर शादी नहीं करने के लिए पाबंद करवाया। पीसांगन उपखंड अधिकारी रामकुमार ताड़ा ने कहा कि कार्यवाही अजमेर चाइल्ड हैल्प लाइन की सूचना पर की गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मांगलियावास थाने के एएसआई रामस्वरूप ने बताया कि अजमेर चाइल्ड हैल्प लाइन से सूचना मिली कि ग्राम रूदलाई में 15 वर्षीय नाबालिग का बाल विवाह हो रहा है। इस पर प्रशासन की टीम के साथ पुलिस मौके पर पहुंची। वहां पर एक शादी की जानकारी मिली। पुलिस व प्रशासन की टीम के पहुंचने पर हड़कंप मच गया। एएसआई रामस्वरूपने बताया कि ब्यावर के निकट रूपारेल बारात जानी थी। इस पर दूल्हे की उम्र संबंधित दस्तावेज की जांच की तो पाया कि दूल्हे की उम्र 15 साल 8 माह थी। इस पर शादी रूकवाई और माता-पिता को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर शादी नहीं करने के लिए पाबंद किया। बाल कल्याण समिति की चेयरमैन अंजलि शर्मा ने बताया कि बच्चे की शादी की शिकायत मिली थी और इस पर पुलिस व प्रशासन को सूचना देकर कार्रवाई के लिए कहा गया।

# शांतिसागर मुनिराज के आचार्य पदारोहण शताब्दी वर्ष का शुभारंभ

**बांसवाड़ा, (निसं)।** आचार्य शांतिसागर मुनिराज के आचार्य पदारोहण शताब्दी समारोह समिति के तत्वावधान एवं आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ सानिध्य में चारित्र चक्रवर्ती शांतिसागर मुनिराज के आचार्य पदारोहण के शताब्दी वर्ष का शुभारंभ मंगल ध्वनि व जयघोष के साथ मांगलिक भवन बाहुबली कॉलोनी में हुआ। समारोह एक वर्ष तक चलेगा।

सभा में आर्यिका महायशमति माता ने बताया कि वागड़ को पुण्य उदय से आचार्य शांति सागर, वीर सागर से लेकर आचार्य वर्धमान सागर का संत समागम मिला है। उन्होंने बताया कि आचार्य शांति सागर ने अपना जीवन जैन धर्म जिनालय जिनवाणी के संरक्षण के लिये आत्मा की शक्ति भगवान की भक्ति से सुरक्षित किया है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को आचार्य शांति सागर महाराज के गुणों से अवगत कराने के लिये घर-घर में आचार्य शांति सागर का फोटो लगाने की प्रेरणा दी।

■ **समारोह एक वर्ष तक चलेगा**

मुनि हितेंद्र सागर महाराज ने कहा कि महोत्सव ऐसा मनाएं जिसकी गुंज विश्व में गूंजे। इस अवसर पर श्रावक सुरेश संघवी ने कहा कि जब पुण्य का उदय होता है तो अशुभ कर्म भी शुभ कर्म में बदल जाते है हमारा पुण्य का उदय हुआ जो तपस्वी गुरु का हमें सानिध्य मिला। कमल सारगिया ने बताया कि आचार्य शांति सागर महाराज ने धर्म को आगे बढ़ाने में अथक प्रयास किये जिसके कारण आज दिगम्बर धर्म बचा हुआ है।

महावीर बोहरा ने बताया कि गुरुदेव ने इस धर्म को टुटने व बिखरने से बचाया है वहीं महावीर गंगावत ने कहा कि कई प्रकार की कठिनाईयो को झेलते हुए धर्म को पुनरू स्थापित किया। बसन्त सर्राफ ने गुरु देव की शताब्दी बांसवाडा समाज की ओर से उत्साह से मनाने, इन्द्रमल दोषी ने कार्यक्रम की भव्यता के लिये समाजजनों से अपने अपने स्तर पर बैठक करने, पुलक मंच के अध्यक्ष हेमन्त सेठ ने शताब्दी समारोह में युवा पीढ़ी को जोड़ते हुए गुरुदेव के चरित्र का परिचय कराने, दिनेश ने आचार्यश्री का कीर्तिमान स्तंभ बनाने, नरेन्द्र चित्तौड़ा ने शताब्दी वर्ष तन-मन-धन से मनाने, पंकज वकील ने नेक कार्य करने व अशोक कोठिया ने बच्चो को चलचित्र के माध्यम से जीवन के बारे में जानकारी देने, सुमतीलाल वोरा ने महोत्सव में मोहन कॉलोनी समाज की ओर से तन-मन-धन से जुटने, बदामी लाल वोरा ने गुरु के निर्देश का पालन, विनोद ठीकरिया ने महोत्सव की भव्यता, विपिन शाह ने गुरु उपकार, धर्मेन्द्र मेहता ने आचार्य श्री के चरित्र का म्यूजियम बनाकर प्रेरित करने, पंकज गांधी ने डिजिटल युग में गुरुवर के चरित्र को डिजिटल माध्यम से बताने, महावीर नश्नावत ने गुरुदेव के नाम से चौराहे व महेन्द्र वोरा ने गुरु का शताब्दी महोत्सव भव्य मनाने जैसे विचार व्यक्त किये।




**आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने चारित्र चक्रवर्ती शांतिसागर मुनिराज के आचार्य पदारोहण के शताब्दी वर्ष के शुभारंभ अवसर पर आयोजित धर्मसभा को संबोधित किया।**

## तीन दिन बाद हुआ मृतक पोस्टमार्टम

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के सेरावाड़ा गांव में साली की शादी में ससुराल आये जीजा की मौत के तीसरे दिन शव का पोस्टमॉर्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। मौत को लेकर परिजनों के शक के चलते 3 दिन तक शव मार्चरी में पड़ा रहा। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन राजी हुए और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के जगदीश पुत्र गौतम निवासी गरदुना तहसील देवल ने रिपोर्ट में बताया कि वह थाना में आरा मशीन पर काम करता है। इस दौरान 26 अप्रेल को सुबह के समय पत्नी पार्वती ने फोन कर उसे बताया कि बेटा अशोक गमेती सेरावाडा आमलिया फला में अपने ससुराल गया था। ससुराल में साली की शादी होने की वजह से वह मेहमान आया था। पत्नी ने उसे बताया कि अशोक को कुछ हो गया है और उसे हॉस्पिटल लेकर आए हैं। हॉस्पिटल में अशोक की मौत हो गई थी।

बहू रेखा से मौत के कारणों को लेकर पूछने पर बताया कि घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद शव को मुर्दाघर में रखवाया गया, लेकिन परिजन अशोक की मौत के कारणों को लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए राजी नहीं हुए। वहीं, पुलिस परिजनों से समझाइश के प्रयास करती रही। इसके बाद रविवार को तीसरे दिन परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया। वहीं, पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।


# दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर संपन्न




**एमआई के सदस्यों ने लाभार्थियों को नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध कराई।**

**डूंगरपुर, (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर द्वारा अप्रेल माह का दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर रविवार को एम आई के रोग निदान केन्द्र पर संपन्न हुआ। इस शिविर में दो दिव्यांगों को जयपुर फूट प्रदान किया गया जबकि तीन दिव्यांगों को केलीपर्स, तीन दिव्यांगों को बैसाखी नि:शुल्क प्रदान की गई। शिविर में कुल आठ दिव्यांग को नि:शुल्क सहायता सुविधा उपलब्ध कराई गई। सभी दिव्यांगों को परामर्श के साथ ही उन्हें शिविर के दौरान मेडिकल प्रमाण पत्र की प्रति, एक फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाणपत्र की प्रति लेकर आने हेतु कहा गया ताकि शिविर में मिलने वाली सुविधाओं के साथ ही अन्य सहायता मिल सके।

संस्था के अध्यक्ष वीर विजय जैन ने बताया की अधिकांश लाभार्थियों ने अपना पंजीयन शनिवार को ही करा लिया था। उन्होंने बताया की वर्तमान में महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर द्वारा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति उदयपुर के सहयोग से पैरों के कलिपर्स, बैसाखी, जयपुर फूट के साथ ही कृत्रिम हाथ को बनाने का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया है। दो दिवसीय शिविर में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के तकनीकी विशेषज्ञ दुर्गालाल एवं सीताराम उपस्थित रहे। शिविर में संस्था के गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर विनोद दोषी, जोन अध्यक्ष वीर पृथ्वीराज जैन, उपाध्यक्ष वीर पूरणमल दावड़ा एवं वीर रविन्द्र जैन, कोषाध्यक्ष वीर अशोक दोशी, पूर्व अध्यक्ष संजय गांधी, सह सचिव वीर अविचल कोटडिया, वीर नीरव जैन, वीर सुदर्शन जैन एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



ध्रुव जुरेल शानदार बल्लेबाज है। उसके पास उचित क्रिकेट शॉट्स हैं। वह खेल के सभी प्रारूप खेल सकता है और जानता है कि जरूरत के मुताबिक खेल में कब बदलाव करना है। - ब्रेट ली

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर, आरआर के बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के बारे में कहा।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## माहेश्वरी चौहान



भारतीय निशानेबाज माहेश्वरी चौहान ने रविवार को आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक शॉटगन क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में भारत के लिए पेरिस 2024 कोटा हासिल किया। माहेश्वरी चौहान दोहा में महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में चिली की फ्रांसिस्का क्रोवेटो चाडिड के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। दोनों ने 54 का स्कोर किया, लेकिन शूट-ऑफ में भारतीय निशानेबाज को पीछे छोड़ते हुएचिली शीर्ष पर रहा। यह 2024 पेरिस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के लिए निशानेबाजी में भारत का 21वां कोटा था और शॉटगन स्पर्धाओं में पांचवां कोटा था।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# चेन्नई ने हैदराबाद को 78 रन से हराकर हिसाब बराबर किया

## चेन्नई की सीजन में 5वीं जीत, देशपांडे को 4 विकेट, गायकवाड़ सेंचुरी से चूके, डैरिल मिचेले ने पांच कैच लिए



चेन्नई, 28 अप्रेल।चेन्नई सुपर किंग्स ने के 46वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रन से हराया। टीम ने मौजूदा सीजन में 5वीं जीत हासिल की। इस जीत से चेन्नई पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर आ गई। चेन्नई ने लगातार दो मैच हारने के बाद जीत दर्ज की है, जबकि हैदराबाद ने सीजन में पहली बार लगातार दूसरा मैच गंवाया।

चेपॉक स्टेडियम में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। चेन्नई ने 20 ओवर में 2 विकेट पर 212 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद 18.5 ओवर में 134 रन बनाकर सिमट गई। तुषार देशपांडे ने चेन्नई से 4 विकेट लिए। के कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने 54 बॉल पर 98 रन की पारी खेली, जबकि डेरिल मिचेल ने 32 बॉल पर 52 रन बनाए।

से ऐडन मार्करम ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। हेनरिक क्लासन 20 रन बनाकर आउट हुए। देशपांडे के अलावा मथीश पथिराना और मुस्तफिजुर रहमान को 2-2 विकेट मिले। इस मैच में चेन्नई के डैरिल मिचले ने पांच कैच लेने का रिकॉर्ड बनाया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (98) और डैरिल मिचेल (52) रनों की बेहतरीन पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 213 रन बनाने का लक्ष्य दिया है। यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी के लिए उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ही ओवर में अजिंक्य रहाणे (9) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डैरिल मिचेल ने ऋतुराज गायकवाड के साथ दूसरे विकेट लिये 107 रनों की साझेदारी की। 14वें ओवर में जयदेव उनादकट ने डैरिल मिचले को नीतिश कुमार रेड्डी के हाथों कैच आउट कराकर हैदराबाद को दूसरी सफलता दिलाई। मिचले ने 32 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 52 रन बनाये। ऋतुराज गायकवाड़ ने 49 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 98 रनों की पारी खेली।

## कर्स्टन सफेद बॉल के और गिलेस्पी पाक की टेस्ट टीम के मुख्य कोच नियुक्त

लाहौर, 28 अप्रेल। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी को पाकिस्तान की टेस्ट टीम का तथा दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सीमित ओवर टीमों का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इसके अलावा न्यूजीलैंड सीरीज के अस्थायी तौर पर नियुक्त किये अजहर महमूद सहायक कोच के रूप में अपनी सेवाओं को जारी रखेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने यह घोषणा करते हुए कहा, हम मेडिकल साइंस में उतने आगे नहीं हैं, इसलिए हमारे देश में फिटनेस के मुद्दे हैं। हम सर्वश्रेष्ठ विकल्पों को चुनना चाहते थे ताकि देश के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम आ सके। हमने जिनको चुना है, उनके रिकॉर्ड शानदार रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व कोच ग्रैंट ब्रैडबर्न इस वर्ष जनवरी में अपने पद से हटा दिया गया था और फिर शेन वॉटसन को मुख्य कोच बनाने के लिए अप्रोच किया गया था। हालांकि बाद में बात नहीं बनी और अब लाल और सफेद गेंद की टीमों के लिए अलग-अलग कोच बनाया गया है।

## चोटिल इशांत और वॉर्नर एक और हफ्ते के लिए रहेंगे बाहर

नयी दिल्ली, 28 अप्रेल। धाकड़ बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा प्लेइंग इलेवन से बाहर रहेंगे, वह चोट से अभी उबर नहीं पाये है और उन्हें पूरी तरह फिट होने के लिए अभी एक और सप्ताह का समय लगेगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 10 रन से जीत के बाद दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के असिस्टेंट कोच प्रवीण आमरे कहा, मुझे लगता है कि वॉर्नर को पूरी तरह फिट होने में एक सप्ताह और लगेंगे और इशांत को भी इतना ही समय लगेगा। इशांत की पीठ में जकड़न में है जो दो मैच पहले हुआ था। वॉर्नर को हाथ में चोट लगी है जिससे वह अभी उबर नहीं पाए हैं। उनका एमआरआई कराया गया था जिसमें उनकी चोट के बारे में पता चला है कि उन्हें दो से तीन सप्ताह आराम करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि हम जब दिल्ली वापस आएंगे तो वे सिलेक्शन के लिए तैयार होंगे।

# विल जैक्स का तूफानी शतक, बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को नौ विकेट से हराया



## बेंगलुरु ने 16 ओवर में ही 201 रन का लक्ष्य प्राप्त किया

अहमदाबाद, 28 अप्रेल। विल जैक्स नाबाद (100) की तूफानी शतकीय और विराट कोहली की (74) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 45वें मैच में गुजरात टाइटंस को नौ विकेट से हरा दिया है। 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कप्तान फाफ डुप्लेसी और विराट कोहली की जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 40 रन जोड़े। फाफ डुप्लेसी 12 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुये।

इसके बाद आये विल जैक्स ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में पांच चौके और 10 छक्के लगाते हुए नाबाद (100) रनों की पारी खेली। वहीं विराट कोहली 44 गेंदों में छह चौके और तीन छक्कों की मदद से 70 रन बनाकर नाबाद रहे। बेंगलुरु ने 16 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात टाइटंस की ओर एक मात्र विकेट साई किशोर को मिला। बेंगलुरु की 10 मैचों में यह तीसरी जीत है। इससे पहले साई सुदर्शन नाबाद (84) और शाहरुख खान (58) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स ने बेंगलुरु को जीत के लिए 201 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (5) का विकेट गवां दिया।

उसके बाद कप्तान शुभमन गिल (16) बनाकर पवेलियन लौट गये। साई सुदर्शन और शाहरुख खान की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट लिये (86)रनों की साझेदारी की। शाहरुख खान ने 30 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए (58) रन बनाये। साई सुदर्शन ने 49 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 84 रनों की पारी खेली। डेविड मिलर 19 गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 200 रन का स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से स्वप्निल सिंह, मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने एक-एक विकेट लिया।

# आर्चरी वर्ल्डकप में भारतीय पुरुष टीम ने जीता गोल्ड



## 14 साल बाद मेंस रिकर्व कैटेगरी में मिला सोना ओलंपिक चैम्पियन कोरिया को हराया

शंघाई, 28 अप्रेल। आर्चरी में भारतीय रिकर्व मेंस टीम ने टॉप रैंक वाली साउथ कोरिया की टीम को हराकर 14 साल बाद आर्चरी वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल जीता। आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-1 चीन के शंघाई में खेला जा रहा है। तरूणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की मेंस टीम ने भारत को गोल्ड दिलाया। इस तिकड़ी ने फाइनल में कोरिया की ओलिंपिक चैंपियन टीम को 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से हराया। तीरंदाजी में एक सेट जीतने के दो पॉइंट्स मिलते हैं। पहला सेट 57-57 से बराबर रहा था। इसलिए इसमें दोनों टीमों के 1-1 पॉइंट मिला। भारतीय टीम ने अगले दो सेट जीतकर 4 और पॉइंट्स हासिल किए और मुकाबला आखिरकार 5-1 से अपने नाम किया।

# दीपिका कुमारी ने व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में जीता रजत पदक

शंघाई, 28 अप्रेल। तरुणदीप राय, प्रवीण जाधव और धीरज बोम्मदेवरा की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप 2024 में स्वर्ण तथा दीपिका कुमारी ने महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक जीता।

चीन के शंघाई में आयोजित शिखर मुकाबले में भारतीय तिकड़ी ने दबाव में शांत रहकर कोरियाई तीरंदाजों के खिलाफ 5-1 से शानदार जीत हासिल करते हुए पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। यह 14 वर्षों में पुरुषों की रिकर्व टीम तीरंदाजी में भारत का पहला विश्व कप स्वर्ण पदक था। भारतीय तिकड़ी ने दक्षिण कोरियाई तीरंदाजों पर 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत





दर्ज की। दीपिका कुमारी को दक्षिण कोरिया की लिम सिह-योन से हारने के बाद महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक से संतोष किया। लिम ने दीपिका को 6-0 (27-26, 29-27, 28-27) से हराया। भारत ने अंकिता भकत और धीरज की बदौलत मिश्रित टीम रिकर्व में कांस्य पदक जीता। भारत ने इस प्रतियोगिता को पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल आठ पदकों के साथ समाप्त किया।

पुरुष टीम के रिकर्व फाइनल में भारत को दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम के खिलाफ एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा, जिसमें किम वूजिन और किम जे देओक - टोक्यो 2020 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के दो सदस्य शामिल थे। ली वू सियोक दक्षिण कोरियाई टीम के तीसरे तीरंदाज थे।

## सैमसन और राहुल ने वर्ल्ड कप टीम में दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अपना दावा मजबूत किया : ग्रीम स्मिथ



नयी दिल्ली, 28 अप्रेल। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का मानना है कि आईपीएल में बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों के बाद संजू सैमसन और लोकेश राहुल ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अपने दावे मजबूत किये हैं। वेस्टइंडीज और अमेरिका में जून में खेले जाने वाले इस विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली है। टीम में ऋषभ पंत को पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में चुना जाना लगभग तय है। स्मिथ ने 'जियोसिनेमा' से कहा, " उन्हें (राहुल और सैमसन) साझेदारी बनाने की जरूरत थी। राहुल ने इसे (दीपक) हुडा के साथ किया और संजू ने इसे ध्रुव जुरेल के साथ खूबसूरती से निभाया। दोनों में अंतर यह था कि संजू ने मैच को सफलतापूर्वक खत्म किया जबकि राहुल अहम मौके पर आउट हो गये। यह देखना हालांकि शानदार था कि दोनों उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने विश्व कप चयन के लिए अपना दावा मजबूत किया।" राहुल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 48 गेंदों में 76 रन बनाए, लेकिन राजस्थान रॉयल्स के कप्तान सैमसन ने 33 गेंदों में नाबाद 71 रन बनाकर उस प्रयास को विफल कर दिया।

## अगरकर दिल्ली में कप्तान रोहित के साथ अनौपचारिक मुलाकात करेंगे

नई दिल्ली, 28 अप्रेल। राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा के बीच वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए संभावित 15 सदस्यीय टीम को लेकर यहां अनौपचारिक बैठक होने की उम्मीद है। विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की आखिरी तारीख एक मई है। ऐसा समझा जाता है कि अगरकर शनिवार को मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेली गयी आईपीएल मैच के लिए विशेष रूप से दिल्ली आए थे, क्योंकि उन्हें कप्तान रोहित के साथ बातचीत करने का मौका मिल सके और अंतिम टीम चुनने के लिए अपने सहयोगियों के साथ बैठक से पहले उनके लिए चीजें स्पष्ट हो। टीम में कुछ स्थानों को लेकर चर्चा की जरूरत है। इसमें सबसे अहम हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी फिटनेस है। अगर हार्दिक को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिलती है तो शिवम दुबे और रिंकू सिंह में से केवल एक को ही जगह दी जा सकती है। विकेट कीपर के विकल्प के लिए ऋषभ पंत के साथ संजू सैमसन और लोकेश राहुल के नामों को लेकर चर्चा होगी। तेज गेंदबाजी और स्पिनरों को लेकर भी चीजें स्पष्ट नहीं है। जसप्रीत बुमराह शानदार लय में है तो वहीं अनुभवी मोहम्मद सिराज का आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

# एशियाई खेलों से बाहर होने से राष्ट्रीय टीम में वापसी की प्रेरणा मिली : तरुणदीप राय

कोलकाता, 28 अप्रेल। तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले तरुणदीप राय ने रविवार को कहा कि पिछले एशियाई खेलों की टीम से बाहर होने के बाद वह गुस्से में थे लेकिन उन्होंने इसे दमदार वापसी करने के लिए प्रेरणा की तरह लिया। तीन बार के ओलंपियन राय ने विश्व कप में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने के बाद कहा, " मैं गुस्से से भरा था लेकिन मैंने खुद को एक और मौका देने का फैसला किया।" एशियाई खेलों (ग्वांगझू 2010) में देश के लिए पदक जीतने वाले इकलौते रिकर्व तीरंदाज राय ने कहा, " मैं



क्वालीफिकेशन में कुछ नियमों के कारण अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम से बाहर हो गया था।"

राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की भारतीय तिकड़ी ने मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह पहली बार है जब तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में भारतीय पुरुष टीम ने कोरिया को शिकस्त दी है। इस जीत से टीम पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल करने के मामले में अच्छी स्थिति में है। चालीस साल के राय 2010 विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के भी सदस्य थे। उस विश्व कप का आयोजन भी शंघाई में हुआ था।

# भारतीय महिला टीम ने टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश को 45 रनों से हराया

सिलहट, 28 अप्रेल। यास्तिका भाटिया, शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर की शानदार पारियों और उसके बाद रेणुका सिंह और पूजा वस्त्रकर की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को 45 रनों से हरा दिया है।

भारतीय गेंदबाज रेणुका सिंह ने पहले ही ओवर में दिलारा अख़्तर (4) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में शोबना मोस्तारी (6) को बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में दीप्ति शर्मा ने मुर्शीदा खातून (13) को आउट कर बंगलादेशी बल्लेबाजों पर दबाव बनाये रखा।

इसके बाद बंगालादेश के विकेट लगातार गिरते रहे। फाहिमा खातून (1), शोरना अख्तर (11), राबेया खान (2), नाहिदा अख्तर (9) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान निगार सुल्ताना ने टीम के लिए सर्वाधिक (51)रनों की पारी खेली।



बंगलादेश की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 101 रन ही बना सकी। भारत की ओर से रेणुका सिंह ने तीन विकेट लिये। पूजा वस्त्रकर को दो विकेट मिले। श्रेयंका पाटिल, दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारत ने बंगलादेश को जीत के लिए 146 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत का प्रयास किया। इसी दौरान तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर स्मृति मंधाना (9) को फरीहा तृस्ना ने उन्हें बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद यास्तिका भाटिया ने शेफाली वर्मा के साथ दूसरे विकेट लिये 43 रन जोड़े। शेफाली ने 22 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (31) रन बनाये। यास्तिका भाटिया ने 29 गेंदों में छह चौकों की मदद से सर्वाधिक (36) रन बनाये। हरमनप्रीत कौर 22 गेंदो में चार चौके के साथ (30) रनों की पारी खेली। संजीवन सजना (11) रन बनाकर आउट हुई। ऋचा घोष 17 गेंदों में (23) और पूजा वस्त्रकर (4) रन बनाकर आउट हुई। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 145 रन का स्कोर खड़ा किया। बंगलादेश की ओर से राबेया ने तीन विकेट लिये। मारुफा अख़्तर, फरीहा तृस्ना और फाहिमा खातून ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## आईपीएल मैच की टिकट को लेकर अनिश्चितता

धर्मशाला, 28 अप्रेल। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में पांच मई को पंजाब और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाना है। ऐसे में क्रिकेट मैच को देखने के लिए दर्शकों को टिकट नहीं मिल पा रहे।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में होने जा रहे आईपीएल के दो मैचों को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हालांकि कुछ लोग निराश भी हो रहे हैं क्योंकि उन्हें टिकट नहीं मिल पा रहे हैं। मांग अत्यधिक होने के चलते लोगों को टिकट मिलना मुश्किल हो रहा है। तो वहीं जिन लोगों को टिकट मिल भी रहा है उन्हें उसके ज्यादा पैसे चुकाने पड़ रहे हैं। गौरतलब है कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम मे पांच मई को पंजाब और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाना है। ऐसे में क्रिकेट मैच को देखने के लिए दर्शकों को टिकट नहीं मिल पा रहे। आलम यह है कि टिकट के लिए लोगों में मारामारी चल रही है। आईपीएल मैच की टिकट की बिक्री तो शुरू हुई है लेकिन वेबसाइट पर टिकट बुक करना क्रिकेट प्रेमियों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।

## भारतीय महिला टीम सिंगापुर को हराकर थॉमस कप क्वार्टरफाइनल में पहुंची

चेंगदू, 28 अप्रेल। भारतीय महिला बैडमिंटन टीम रविवार को सिंगापुर को 4-1 हराकर थॉमस और उबेर कप टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी है। चीन के चेंगदू में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम की सिंगापुर के खिलाफ शुरुआत अच्छी नहीं रही। अश्मिता चालिहा शुरुआती एकल मुकाबले में सिंगापुर की येओ जिया मिन से हार गईं और भारत 1-0 से पिछड़ गया। इसके बाद प्रिया कोन्जेंगबाम/ श्रुति मिश्रा ने जिओ एन हेंग और जिन यू जिया के खिलाफ अपना युगल मैच 21-15, 21-16 से जीतकर भारतीय अभियान की शुरुआत की। दुनिया की 83वें नंबर की इशरानी बरुआ ने 151वीं रैंकिंग वाली इंसिइरा खान को 21-13, 21-16 से हराकर भारत को बढ़त दिला दी, इससे पहले कनाडा के खिलाफ मैच हारने वाली सिमरन सिंघी/रितिका ठाकर ने टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की। इस वर्ष की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम की स्वर्ण पदक जीत की हीरो और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 17 वर्षीय अनमोल खरब ने ली शिन यी मेगन को 21-15, 21-13 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि युवा भारतीय महिला टीम ने पीवी सिंधु, अश्विनी पोनप्पा-तनिषा क्रैस्टो और गायत्री गोपीचंद-ट्रीसा जॉली जैसे बड़े नामी खिलाड़ियों की कमी के बावजूद शनिवार को ग्रुप ए के ओपनर में कनाडा को 4-1 से हरा दिया और सिंगापुर के खिलाफ एक और शानदार जीत के साथ बढ़त को बनाये रखा है। दो जीत के साथ भारत ग्रुप में शीर्ष दो में जगह बनाने और अंतिम आठ में जगह बनाने के करीब है। भारतीय पुरुष टीम सोमवार को इंग्लैंड की टीम से मुकाबला करेंगी।



*विश्व का एकमात्र ज्वालामुखी जो एक व्यक्ति की निजी सम्पत्ति है। होकाएडो द्वीप में शिकोत्सू-टोया नैशनल पार्क के अंदर, सक्रिय ज्वालामुखी माउन्ट ऊसू से कुछ दूर शोवा-शिनज़ान नाम की चार सौ मीटर ऊँची एक ज्वालामुखी चोटी है। शोवा-शिनज़ान जापान का सबसे युवा पर्वत है। यह 28 दिसम्बर सन् 1943 को तेज कंपन और गर्म लावा के साथ गेहूं के एक खेत में प्रकट हुआ था। जैसे ही पिघला हुआ मैग्मा सतह के ऊपर आया तो उसने आसपास की जमीन को उठा दिया और अगले दो वर्षों तक लावा के गुबंद की ऊंचाई बढ़ती गई तथा 398 मीटर तक पहुंच गयी। द्वितीय विश्व युद्ध में जब जापान, मित्र राष्ट्रों के विरुद्ध लड़ रहा था उस समय शोवा-शिनज़ान फूटा था। अंधविश्वासी लोगों ने इसे एक अपशकुन की तरह लिया। क्योंकि उस समय पूरा देश आपदा के दौर से गुजर रहा था। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से इस ज्वालामुखी पहाड़ की जानकारी गुप्त रखने के लिए अनुरोध किया। लेकिन पास में रहने वाले एक पोस्टमास्टर, मसाओ मिमात्सू ने ज्वालामुखी की प्रगति को देखना और रिकॉर्ड करना शुरु कर दिया। बुनियादी वैज्ञानिक उपकरणों के अभाव में मिमात्सू ने शोवा शिनज़ान के बारे में नोट्स लिए और स्कैच बनाए। इस समय केवल वो ही रिकॉर्ड्स भूवैज्ञानिकों को उपलब्ध हैं। मिमात्सू ने सन् 1948 में, ओस्लो विश्व ज्वालामुखी सम्मेलन में जब अपना डेटा और रेखाचित्र प्रस्तुत किए तो पेशेवर ज्वालामुखीविदों ने उनके काम की प्रशंसा की। उनके दस्तावेजों को ''मिमात्सू डायग्राम'' नाम दिया गया और इनके लिए उन्हें पहला होकाएडो सांस्कृतिक पुरस्कार मिला। मिमात्सू ने अपनी सारी जमा-पूंजी लगाकर वह सारी ज़मीन खरीद ली जहां ज्वालामुखी प्रकट हुआ था, ताकि वह ज्वालामुखी का अच्छी तरह से अध्ययन कर सके। मिमात्सू अब ज्वालामुखी का मालिक बन गया। जापानी सरकार द्वारा इसे जापान का प्राकृतिक स्मारक घोषित करने के बावजूद आज भी ज्वालामुखी एक निजी संपत्ति है। शोवा-शिनज़ान स्थल के पास ही मिमात्सू के सम्मान में मिमात्सू मसाओ मेमोरियल हॉल की स्थापना की गई, जिसमें सर्वेक्षण उपकरण के माध्यम से पहाड़ की तरफ देखते हुए उनकी एक कांस्य प्रतिमा स्थापित की गयी है।*

# सीकर में कम मतदान के बावजूद भी भाजपा की जीत के आसार

## कांग्रेस कोर वोटर को पसंद नहीं आया इंडिया गठबंधन

- **क्षेत्र के राजनैतिक जानकारों का कहना है कि, कांग्रेस के कोर वोटर्स को इंडिया गठबंधन के तहत यह सीट माकपा को देना पसंद नहीं आया और वो घर से ही नहीं निकला।**
- **इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अमराराम के समर्थक बेहद मुखर तो नज़र आए पर उनकी मुखरता मतदाता को पोलिंग बूथ तक नहीं ला पाई।**
- **इसके विपरीत भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर सक्रियता दिखाई और वे अपने कोर वोटर को पोलिंग बूथ तक लाने में सफल रहे।**
- **भाजपा ने सीकर से सुमेधानंद सरस्वती को मैदान में उतारा है।**

सीकर, 27 अप्रैल (निसं)। सीकर संसदीय क्षेत्र में मतदान के बाद आम मतदाता तथा राजनैतिक पार्टियों में परिणाम को लेकर संशय है, क्योंकि मतदान प्रतिशत कम रहा है। इंडिया गठबंधन जातिगत समीकरणों को लेकर जीत के प्रति आश्वस्त है, वहीं भाजपा अपने कोर वोटर्स, मोदी के विकास व गारंटी के साथ अपनी जीत सुनिश्चित मान रही है। इंडिया गठबंधन के प्रभुत्व वाले ग्रामीण क्षेत्र में कम मतदान हुआ है और भाजपा के प्रभुत्व वाले शहरी क्षेत्र में मतदान अधिक हुआ है, इससे भाजपा की जीत पक्की लग रही है। इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस ने यह सीट माकपा को ही दी है, जहां से अमराराम प्रत्याशी है। भाजपा ने इस सीट से सुमेधानंद सरस्वती को मैदान में उतारा है।

इंडिया गठबंधन, जातीय समीकरण, जैसे एस.सी./एस.टी. व अल्पसंख्यक तथा जाट मतदाताओं को अपने पक्ष में मान कर चल रहा है। लेकिन इससे इंडिया गठबंधन की नैया पार होना मुश्किल दिखाई दे रही है। भाजपा मान रही है कि कम मतदान में भी उसके कोर वोटर्स का मतदान अधिक हुआ है। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस का कोर वोटर इंडिया गठबंधन के पक्ष में नहीं था इसके चलते वो घरों से निकला ही नहीं। इसका भी फायदा भाजपा को मिला है।

इंडिया गठबंधन के द्वारा जातीय समीकरण को लेकर माकपा उम्मीदवार अमराराम के पक्ष में लामबंद होना भी भाजपा के मतदाताओं को एकजुट करने में फायदे का सौदा दिखाई दे रहा है। इस क्षेत्र में जाट एवं अल्पसंख्यक मतदाता ही मुखर दिखाई दिये तथा भाजपा के मतदाता ने मौन रहकर आराम से अपना मत डाला। माकपा उम्मीदवार अमराराम के पक्ष के लोग मुखर ज्यादा थे पर वे अपने मतदाता से मतदान अधिक नहीं करा पाए। माकपा का कोर वोटर समझे जाने वाले किसान वर्ग एवं एस.सी./एस.टी., अल्पसंख्यक वर्ग का मतदान गत चुनावों के मुकाबले 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत कम हुआ है। अगर तीनों वर्गों के मतदाताओं के पड़े मतों को संपूर्ण रूप से जोड़ दिया जाए तो भी वो माकपा उम्मीदवार का जीत पाना मुश्किल है। माकपा उम्मीदवार सवर्ण मतदाताओं व कांग्रेस के मतदाताओं को भी अपने पक्ष में नहीं कर पाया, ऐसा इसलिये हुआ कि कांग्रेस का सवर्ण वोटर माकपा को अपना मत देने पर सहमत नहीं था, यही वोटर मौन रहा तथा बूथ तक नहीं पहुंचा।

भाजपा अपने समस्त कोर वोटर को मतदान केन्द्र तक लाने में काफी हद तक सफल रही, वहीं इंडिया गठबंधन से नाराज वोटर को भी अपने पक्ष में करने में भाजपा को कामयाबी मिली माकपा कांग्रेस के नेताओं को साथ नहीं ला पाई। माकपा को अपने कैडर एवं कुछ ग्रामीणों के भरोसे ही चुनाव प्रचार करना पड़ा। भाजपा ने अपने सभी नेताओं को साधकर एक जुटता के साथ चुनाव प्रचार किया और इसका लाभ भी भाजपा को मिला।

चुनाव प्रचार में माकपा के पक्ष में कोई कद्दावर नेता नहीं आया, यह बात भी माकपा उम्मीदवार के लिये घाटे का सौदा रही। इंडिया गठबंधन को स्थानीय नेताओं के भरोसे ही चुनाव प्रचार करना पड़ा, वहीं भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में अमित शाह जैसे कद्दावर नेता का रोड शो हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा हुई तथा वहीं राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित प्रदेश स्तरीय नेताओं ने भी दौरे किए।

इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अमराराम के लक्ष्मणगढ़, दातारामगढ़ एवं धोद विधानसभा क्षेत्रों में आंशिक बढ़त के संकेत दिखाई दे रहे हैं। भाजपा के पक्ष में श्रीमाधोपुर, सीकर, खंडेला, चौमूं एवं नीम का थाना में बढ़त दिखाई दे रही है।

# झुंझुनूं से कांग्रेस प्रत्याशी बृजेन्द्र ओला की जीत के प्रबल आसार

## बृजेन्द्र ओला क्षेत्र के राजनीतिक दिग्गज रहे स्व. शीशराम ओला के पुत्र हैं

- **बृजेन्द्र ओला चार बार झुंझुनूं से विधायक रहे हैं, वहीं उनके मुकाबले भाजपा के प्रत्याशी शुभकरण चौधरी हल्के माने जा रहे हैं, वे सिर्फ एक बार उदयपुरवाटी से विधायक और एक बार भूमि विकास बैंक में चेयरमैन रहे हैं।**
- **भाजपा में शुभकरण चौधरी को लेकर भारी अर्तकलह भी है। कहा जा रहा है कि, क्षेत्र के भाजपा नेता चाहते हैं कि, बृजेन्द्र ओला जीतें ताकि झुंझुनूं विधानसभा सीट पर उपचुनाव का रास्ता साफ हो जाए।**
- **कांग्रेस में बृजेन्द्र ओला की उम्मीदवारी के प्रति कोई अतर्विरोध नहीं है।**

झुंझुनूं, 26 अप्रेल। लोकसभा चुनाव के पहले दौर के मतदान में प्रदेश की जिन 12 संसदीय सीटों पर चुनाव सम्पन्न हुए उनमें झुंझुनूं लोकसभा सीट भी है, जहां से भाजपा के शुभकरण चौधरी और कांग्रेस से बृजेन्द्र ओला के बीच सीधा मुकाबला है।

झुंझुनूं लोकसभा में जिस प्रकार से वोटिंग हुई है उसके बाद से ही भाजपा और कांग्रेस की टेंशन बढ़ी हुई है क्योंकि परिणाम चौंकाने वाले आ सकते है। झुंझुनूं लोकसभा सीट पर इस बार कुल बीस लाख सतानवें हजार सात सौ बत्तीस मतदाता हैं, जिनमें पुरूष मतदाता दस लाख अस्सी हजार दो सौ निन्यानवें तथा महिला मतदाता नौ लाख अठ्यासी हजार दो सौ अट्ठाइस हैं। झुंझुनूं, लोकसभा में इस बार 52.29 प्रतिशत मतदान हुआ जो 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 9.82 फीसदी कम हैं। जानकारों की माने तो झुंझुनूं लोकसभा चुनाव में कम वोटिंग होने से भाजपा को झटका लग सकता है।

झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र में इस बार कांग्रेस ने विधायक बृजेंद्र ओला को मैदान में उतार कर भाजपा के सामने मजबूत चुनौती पेश की हैं। भाजपा ने यहां से मौजूदा सांसद नरेन्द्र कुमार का टिकट काटकर उदयपुरवाटी के पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी को मैदान में उतारा है। भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी अब तक चार बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं, पर सिर्फ एक बार वर्ष 2013 में उदयपुरवाटी से विधायक रहे हैं और एक बार भूमि विकास बैंक के चेयरमैन रह चुके हैं। कांग्रेस के बृजेंद्र ओला लगातार चौथी बार झुंझुनूं से विधायक हैं, इसके साथ ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं और झुंझुनूं जिले की राजनीति के पुरोधा माने जाने वाले पद्म श्री स्वर्गीय शीशराम ओला के पुत्र हैं। कांग्रेस में अंदरूनी रूप से देखा जाए तो बृजेंद्र ओला को लेकर किसी भी प्रकार की खिलाफत भी नज़र नही आई।

झुंझुनूं में इस बार भाजपा में अंतर्कलह भी दिखाई दे रही है। जानकारों की माने तो भाजपा के कुछ पदाधिकारी कांग्रेस को अंदर ही अंदर सपोर्ट भी कर रहें है ताकि झुंझुनूं में बृजेन्द्र ओला जीत जाएं झुंझुनूं की विधानसभा सीट खाली तो उपचुनाव में उन्हें मौका मिल सके।

भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी की बात करें तो झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र में कुछ जातियों विशेषकर राजपूत समाज और सैनी समाज में उनके खिलाफ आक्रोश भी देखने को मिल रहा है जो कि भाजपा की मूल वोट बैंक भी मानी जाती है तथा जाट समाज भी बंटा हुआ नज़र आ रहा है। वर्तमान में झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में सिर्फ दो ही विधायक भाजपा के हैं, बाकी 6 विधानसभा सीटों में कांग्रेस के विधायक हैं, इससे भी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन मजबूत दिखाई पड़ रहा है। झुंझुनूं लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को सिर्फ मोदी के नाम का ही सहारा है क्योंकि लगातार पिछले दो बार से यहां पर भाजपा के सांसद चुनाव जीत चुके हैं, लेकिन उन्होंने अपने कार्यकाल में कोई विशेष उपलब्धि हासिल नहीं की, इससे लोगों में भाजपा के प्रति नाराजगी दिखाई दे रही हैं।

## इज़रायल ने गाजा पट्टी में फिर गोलीबारी शुरु की

गाजा, 28 अप्रैल (वार्ता) इज़रायली वायु सेना (आईडीएफ) ने पिछले दिनों गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी हमास आंदोलन के रॉकेट लॉन्चरों सहित दर्जनों ठिकानों पर हमला किया और फिलिस्तीनी क्षेत्र में अज्ञात संख्या में कट्टरपंथियों को नष्ट कर दिया।

आई.डी.एफ. ने रविवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा गया, पिछले दिन, आई.डी.एफ. के लड़ाकू विमानों और अतिरिक्त विमानों ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे, प्रक्षेपण स्थलों, सशस्त्र आतंकवादियों तथा अवलोकन चौकियों सहित दर्जनों आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इसके अलावा, इज़रायली नौसेना के सैनिकों ने भी हमास के ठिकानों पर हमला किया और मध्य गाजा पट्टी में आई.डी.एफ. जमीनी सैनिकों की सहायता करने का काम किया।

# अमेठी पर 1981 का इतिहास दोहरायेगी कांग्रेस?

- **नामांकन शुरु होने के आखिरी मौके पर कांग्रेस ने राजीव गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने की घोषणा की थी, इस बार राहुल की उम्मीदवारी की घोषणा भी कुछ इसी तरह हो सकती है।**

नई दिल्ली, 28 अप्रेल। कांग्रेसी अमेठी से राहुल गांधी के चुनाव लड़ने का दावा कर रहे हैं। यहां नामांकन शुरू हो चुका है। पर, अब तक कांग्रेस ने उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है। ऐसे में माना जा रहा है कि, पार्टी वर्ष 1981 के उपचुनाव का इतिहास दोहराने वाली है। उस वक्त कांग्रेस ने नामांकन शुरू होने के बाद प्रत्याशी उतारा था।

अब तक राहुल गांधी के चुनाव लड़ने के सिर्फ दावे हैं, जबकि कांग्रेस के मुकाबिल खड़ी भाजपा किसी असमंजस में नहीं है। उसने काफी पहले ही स्थितियां साफ कर दी थीं। स्मृति जूबिन इरानी चुनाव मैदान में डटी हुई हैं।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल दावा करते हैं कि राहुल गांधी ही अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित नहीं होने की चर्चा पर पुराने वरिष्ठ कांग्रेसी महेंद्र तिवारी कहते हैं, ऐसा पहली बार नहीं है जब नामांकन शुरू होने पर भी पार्टी का प्रत्याशी मैदान में नहीं है।

इससे पहले 1981 में ऐसा हो चुका है। तब के चुनाव में कांग्रेस ने राजीव गांधी के नाम की घोषणा नामांकन शुरू होने के बाद की थी। जिस दिन राजीव उम्मीदवार घोषित हुए, उसी दिन उन्होंने नामांकन किया था।

अमेठी सीट पर सस्पेंस अंतिम समय तक बरकरार रहने वाला है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पाले में चली गई। खड़गे तो सबसे ज्यादा सस्पेंस बनाकर चल रहे हैं, कह रहे हैं कि नामांकन की तारीख से पहले सभी को नाम पता चल जाएंगे।

अब नाम फाइनल नहीं हुआ, ये हर कोई जान चुका है, लेकिन यहां समझने की कोशिश करते हैं वो चुनौतियां जिनकी वजह से अभी तक कांग्रेस असमंजस से बाहर नहीं निकल पा रही है। कहने को राहुल और प्रियंका कांग्रेस के लिए सबसे बड़े चेहरे हैं, लेकिन फिर भी दोनों के सामने पहाड़ जैसी चुनौती है। ऐसी ही 4 चुनौतियों के बारे में यहां आपको बताते हैं।

रायबरेली कांग्रेस की परंपरागत सीट रही है, यहां पर गांधी परिवार का वर्चस्व पिछले कई सालों से बना हुआ है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के उदय के साथ ही रायबरेली में कांग्रेस की पकड़ कमजोर होती चली गई है। वोट शेयर के मामले में देश की सबसे पुरानी पार्टी अब रायबरेली में कमजोर होती दिख रही है, आंकड़े इस बात की पूरी तरह गवाही दे रहे हैं। 2009 में जब यूपीए की दूसरी बार सरकार बनी थी, तब रायबरेली में सोनिया गांधी को 72.20 वोट मिले थे, उस समय भाजपा का वोट शेयर मात्र 3.80 प्रतिशत था। लेकिन 5 साल बाद यानी कि 2014 में जब मोदी लहर ने सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए, रायबरेली में भी उसका कुछ असर देखने को मिला।

कांग्रेस का वोट शेयर 72.20 प्रतिशत से गिरकर 63.80 पर आ गया, वहीं भाजपा को 21.10 वोट मिल गए। 2019 के लोकसभा चुनाव आते-आते कांग्रेस की स्थिति रायबरेली में और ज्यादा कमजोर हो गई, सोनिया गांधी ने कहने के लिए अपनी वो सीट बचा ली, लेकिन वहां पर उनका वोट शेयर सिर्फ 55.80 फीसदी रह गया, भाजपा का वोट प्रतिशत 38.40 तक पहुंच गया।

## नाव से 600 करोड़ रु. की ड्रग्स जब्त

अहमदाबाद, 28 अप्रेल। भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात तट से एक पाकिस्तानी नाव से 600 करोड़ रुपये की 86 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की है। भारतीय तटरक्षक बल, एंटी टैररिस्ट सैल (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने संयुक्त रूप से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। नाव से 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अरब सागर में यह ऑपरेशन रात भर गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते (ए.टी.एस.) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एन.सी.बी.) के समन्वय से चलाया गया।

हालांकि, तटरक्षक बल ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि, पाकिस्तानी नाव से कौन सी ड्रग्स बरामद की गई है। इस ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए तटरक्षक जहाजों और विमानों को तैनात किया गया था। ऑपरेशन में आईसीजी जहाज राजरतन भी शामिल हुआ। जहाज की स्पेशल टीम संदिग्ध नाव पर चढ़ गई और बड़ी मात्रा में ड्रग्स की मौजूदगी की पुष्टि की। पाकिस्तानी नाव को उसके 14 सदस्यीय चालक दल के साथ पकड़ लिया गया।

## पूर्व प्र.मंत्री देवगौड़ा के पोते ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वहीं, जनता दल (सेक्युलर) नेता और पूर्व सी.एम. एच.डी. कुमारस्वामी द्वारा मामले में शामिल होने के लगाए गए अप्रत्यक्ष आरोप पर शिवकुमार ने कहा, "उन्हें मेरा नाम सामने लाने दीजिए। मैं उन्हें बेनकाब कर दूंगा। क्या वह इस तरह की बात करके महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न को उचित ठहरा रहे हैं?" उन्होंने आगे कहा, "मुझे तब नहीं पता था कि, कुमारस्वामी द्वारा प्रदर्शित पेन ड्राइव में क्या था। अब मुझे पता है कि, उसमें क्या है। अब यह स्पष्ट है। मीडिया को कुमारस्वामी से पूछना चाहिए कि, अब जब हसन नेताओं पर यौन उत्पीड़न के आरोप हैं तो पेन ड्राइव में क्या है।" भाजपा ने प्रज्वल रेवन्ना मामले से दूरी बना ली है। राज्य में भाजपा और जे.डी.एस. का लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन है। कांग्रेस सरकार द्वारा मामले की जांच के लिए एस.आई.टी. के गठन की घोषणा के एक दिन बाद, भाजपा की राज्य यूनिट के मुख्य प्रवक्ता एस प्रकाश ने कहा, "एक पार्टी के रूप में हमें वीडियो से कोई लेना-देना नहीं है और न ही हमें प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित सेक्स स्कैंडल की राज्य सरकार द्वारा घोषित एस.आई.टी. जांच पर कोई टिप्पणी करनी है।" भाजपा के एक अन्य प्रवक्ता डॉ. नरेंद्र रंगप्पा से जब अश्लील वीडियो पर उनकी राय मांगी गई तो उन्होंने बस इतना कहा, "कोई टिप्पणी नहीं करनी। भाजपा के सूत्रों के अनुसार, पार्टी ने कथित सेक्स टेप मामले पर आधिकारिक तौर पर प्रतिक्रिया नहीं देने का फैसला किया है क्योंकि राज्य में उसके कई वरिष्ठ नेता इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। भाजपा के एक नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि, पार्टी का कथित सेक्स टेप से कोई लेना-देना नहीं है और वह इस समय कोई प्रतिक्रिया नहीं देगी, क्योंकि उसने ऐसे मामले से दूरी बनाए रखने का फैसला किया है जो शर्मिंदगी के रूप में सामने आया है।

## 'आर.एस.एस. ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कहा कि, संघ परिवार ने कुछ समूहों को आरक्षण देने का कभी विरोध नहीं किया है। संघ का मानना है कि, आरक्षण तब तक दिया जाना चाहिए जब तक कि, इसकी जरूरत है। आर.एस.एस. प्रमुख भागवत ने पिछले साल नागपुर में कहा था कि, जब तक समाज में भेदभाव है तब तक आरक्षण दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा था कि, भेदभाव समाज में व्याप्त है, भले ही यह दिखाई न देता हो।

बता दें कि आरएसएस, भाजपा का विचारधारा का मार्गदर्शक है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में क्रमश: 282 सीटें और 303 सीटें जीतने के बाद, भाजपा इस चुनाव में लगातार तीसरी बार बहुमत हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

## 'चुनाव आयोग...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से डर लगता है इसका सबूत उन्होंने देश के सामने रख दिया है। आतिशी ने कहा कि, यह सब सिर्फ़ तानाशाही सरकार में होता है जहां विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल दिया जाता है, विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से रोक दिया जाता है। और आज भाजपा के एक और राजनीतिक हथियार, चुनाव आयोग ने इसे साबित कर दिया है। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने एक पत्र के माध्यम से आम आदमी पार्टी के कैंपेन गीत पर रोक लगा दी है। यह भारत के इतिहास में पहली बार होगा जब किसी पार्टी के कैंपेन गीत पर चुनाव आयोग ने रोक लगा दी होगी। जब भाजपा ई.डी. और सी.बी.आई. का प्रयोग करके आचार संहिता के दौरान विपक्ष के नेताओं को जेल में डालती है तो चुनाव आयोग को कोई आपत्ति नहीं होती है लेकिन आम आदमी पार्टी इसे गाने का रूप दे देती है तो चुनाव आयोग को बहुत आपत्ति हो जाती है। 'आप' नेता ने कहा कि, भाजपा तानाशाही करें वह सही है लेकिन उस तानाशाही के बारे में कोई प्रचार करे तो वह ग़लत है। 'आप' कैंपेन गीत में कहीं पर भी भाजपा का नाम नहीं है लेकिन चुनाव आयोग को लगता है कि अगर आप तानाशाही की बात करते हैं तो यह सत्ता में बैठी पार्टी की आलोचना है।

## उत्तराखण्ड ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सप्लाई किये जाने की सूचना मिली। जिस पर थानाध्यक्ष ने अपने स्तर पर तत्काल अलग-अलग टीमें गठित की। जिसने मुखबिर की सूचना पर, चैकिंग के दौरान, नंदा की चौकी, बिधोली रोड से तीन अभियुक्तों को एल.एस.डी. के 2058 ब्लॉटस, 6 ग्राम अवैध हेरोइन तथा इलैक्ट्रॉनिक मिनी तराजू के साथ गिरफ्तार किया गया। साथ ही, तस्करी में प्रयुक्त दो वाहनों को भी सीज़ किया गया। सिंह ने बताया कि, गिरफ्तार इन नशा तस्करों की पहचान रजत भाटिया, शिवम अरोड़ा, और कृष गिरोटी पुत्र प्रवीण गिरोटी, निवासी मकान नंबर 11सी, ईदगाह, चकराता रोड, थाना कैंट, देहरादून के रूप में हुई है।

## दिल्ली प्रदेश ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

परिस्थितियों के बीच वह पद पर बने नहीं रह सकते हैं।

गौरतलब है कि, लवली 15 साल तक दिल्ली में रही शीला दीक्षित सरकार में शिक्षा तथा पर्यटन जैसे मंत्रालयों की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। वह 2017 में नगर निगम चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुए, लेकिन एक साल के भीतर ही पार्टी में लौट आये। कांग्रेस में घर वापसी करते हुए लवली ने भाजपा के साथ खुद को वैचारिक रूप से मिसफिट बताया था।

# 'कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी अंतर्कलह से जूझ रही है'

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, अब वह दिन दूर नहीं जब कांग्रेस पार्टी के विभिन्न गुटों में चल रही आंतरिक लड़ाई सड़कों पर आ जाएगी

- **मोदी ने पांच वर्षों में अपने सहयोगियों के बीच प्रधानमंत्री पद को घुमाने (रोटेशनल प्रधानमंत्री) के इंडिया समूह के प्रस्ताव की व्यवहार्यता और लाभों पर भी सवाल उठाया।**

दावणगेरे (कर्नाटक), 28 अप्रैल (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को यहां कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि, कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी अंतर्कलह से जूझ रही है।

मोदी ने कांग्रेस के विभिन्न गुटों के बीच आंतरिक कलह के बारे में लोगों को आगाह करते हुए कहा कि जल्द ही यह झगड़ा सार्वजनिक हो जाएगा और प्रत्येक समूह संभावित चुनावी हार के लिए दूसरे को दोषी ठहराएगा।

उन्होंने कहा, "अब वह दिन दूर नहीं जब कांग्रेस पार्टी के विभिन्न गुटों में चल रही आंतरिक लड़ाई सड़कों पर आ जाएगी। सभी गुट हार के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराते नजर आएंगे।"

उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में पार्टी के महत्वपूर्ण लाभ हासिल करने की संभावना कम है। उन्होंने दावणगेरे में देखे गए भारी जन समर्थन का हवाला देते हुए संकेत दिया कि, कर्नाटक के मतदाता कांग्रेस को उसकी कथित कमियों के लिए जिम्मेदार ठहराएंगे।

उन्होंने कहा, "इस बार उनकी (कांग्रेस की) दिल्ली में खाता खोलने की संभावना खत्म हो गई है। दावणगेरे में यह भारी जनसमर्थन दिखाता है कि कर्नाटक की जनता कांग्रेस को उसके पापों की सजा देगी।"

मोदी ने पांच वर्षों में अपने सहयोगियों के बीच प्रधानमंत्री पद को घुमाने के इंडिया समूह के प्रस्ताव की व्यवहार्यता और लाभों पर भी सवाल उठाया। उन्होंने राष्ट्रीय शासन पर ऐसी योजना के संभावित प्रभावों के बारे में चिंता जताई और सवाल उठाया कि क्या यह वास्तव में दीर्घकालिक रूप से देश के हितों की सेवा करेगा।

उन्होंने कहा, "मैंने सुना है कि, इंडिया समूह एक नया फॉर्मूला लेकर आया है। पांच साल में सभी सहयोगियों के किसी एक नेता को एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री बनाया जाएगा। यानी एक साल में एक प्रधानमंत्री, दूसरे साल में दूसरा प्रधानमंत्री, तीसरे साल में तीसरा प्रधानमंत्री बनाया जाएगा।ऐसे में क्या देश को फायदा होगा, क्या आपको या आपके बच्चों को फायदा होगा?

इस दौरान उन्होंने कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के दृष्टिकोण और राज्य में कांग्रेस प्रशासन के दृष्टिकोण की तुलना की।

उन्होंने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के उदेश्य के साथ निरंतर प्रयासों के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला और कांग्रेस पर कथित निराशाजनक कार्य संस्कृति के साथ कर्नाटक की प्रगति को बाधित करने का आरोप लगाया।

मोदी ने उच्चतम न्यायालय की हालिया फटकार का हवाला देते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ई.वी.एम.) के बारे में निराधार अफवाहें फैलाने की कांग्रेस पार्टी की कथित कोशिशों की भी निंदा की। उन्होंने इन कार्रवाइयों को राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे के लिए हानिकारक बताया और भारत की चुनावी प्रक्रियाओं की अखंडता को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया। मोदी ने यहां एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा, हुबली के एक कॉलेज परिसर में हमारी बेटी नेहा के साथ जो हुआ, उसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। उसका परिवार कार्रवाई की मांग करता रहा, लेकिन कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण का दबाव हावी रहा।

उन्होंने कांग्रेस पर राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं की अनदेखी करने और चुनावी उद्देश्यों के लिए प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के साथ जुड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने बेंगलुरु के एक कैफे में बम विस्फोट की घटना के बाद उचित कार्रवाई करने में कांग्रेस की कथित विफलता का हवाला देते हुए सुरक्षा मुद्दों से निपटने में गंभीरता की कमी की ओर संकेत दिया।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर केवल चुनावी लाभ के लिए पीएफआई जैसे राष्ट्र-विरोधी संगठन का बचाव करने का आरोप लगाया, विशेष रूप से केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में जहां से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, जब बेंगलुरु के एक कैफे में बम विस्फोट हुआ, तो कांग्रेस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इतना ही नहीं, कांग्रेस ने वोट के लिए पीएफआई का इस्तेमाल किया, जो आतंकवाद को आश्रय देने वाला एक राष्ट्र विरोधी संगठन है और जिस पर मोदी सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाया जा चुका है। कांग्रेस सिर्फ एक सीट, वायनाड में जीत हासिल करने के लिए ऐसे आतंकवादी संगठन पीएफआई का बचाव करने में लगी हुई है। मोदी ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का हवाला देते हुए ई.वी.एम. और वी.वी.पैट. के मुद्दे पर कथित तौर पर नागरिकों को गुमराह करने के लिए इंडिया समूह पर कटाक्ष करते हुए कहा कि, न्यायालय ने उनकी आकांक्षाओं को चकनाचूर कर दिया।

**राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक**-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908